हरियाणा सरकार



# 11 साल घणा कमाल

11 साल, तरक्की बेमिसाल

हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना बहुत जरूरी है।

– नरेन्द्र मोदी



## जन विश्वास - जन विकास

## गौरवमयी एक वर्ष

17 अक्तूबर, 2025 । प्रातः 10:00 बजे
इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## इस अवसर पर

**फंड वितरण**
शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को

**आबंटन-पत्र वितरण**
मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0

**अंतरिम मलकियत प्रमाण-पत्र वितरण**
मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

हर जिले में भी होगा कार्यक्रम का आयोजन

## आप सभी सादर आमंत्रित हैं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

हरियाणा सरकार

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा



## संकल्प से सिद्धि की राह में हरियाणा सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व जनकल्याण हेतु लिए गए 217 संकल्पों में से पूरे किए गए 46 संकल्प। शेष सभी संकल्पों को जल्द पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर।

# मुख्य संकल्प

### महिला

1. हरियाणा की पात्र महिलाओं को **दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना** के तहत **प्रतिमाह 2,100 रुपये** की वित्तीय सहायता।
2. **हर घर–हर गृहिणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को **केवल 500 रुपये में एल.पी.जी. सिलेंडर** दिया जा रहा है।

### युवा

3. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही **24,000 युवाओं को** ग्रुप–सी की **सरकारी नौकरियां** दी।
4. ग्रुप–सी के पदों के लिए जुलाई, 2025 में लगभग **13.50 लाख युवाओं ने सी.ई.टी. परीक्षा** दी ।
5. **शहीद सैनिकों के हर बच्चे** को **6वीं से 12वीं कक्षा** तक **60,000 रुपये**, **स्नातक** तक **72,000 रुपये** तथा **स्नातकोत्तर** तक **96,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति** का प्रावधान।
6. **डंकी रूट की समस्या** को जड़ से खत्म करने के लिए कानून लागू।

### किसान

7. **नकली खाद, बीज और कीटनाशक** बनाने व बेचने वालों को **5 साल की सजा** का कानून लागू।
8. **सभी 24 फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** पर खरीद।
9. किसानों को **48 घंटे में डी.बी.टी.** के माध्यम से **फसल का भुगतान** किया जा रहा है।

### गरीब

10. सभी जिला **सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों** में किडनी रोगियों के लिए **मुफ्त डायलिसिस** सेवा शुरू।
11. ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में **20 वर्षों से अधिक समय** से काबिज सभी परिवारों को भूमि का **मालिकाना हक** दिया।
12. **आयुष्मान भारत योजना** के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को **5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज** की सुविधा।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पम्प हाउस को बिजली की हॉटलाइन से जोड़ने की मंजूरी मिली- ऊर्जा मंत्री अनिल विज



पेज-8

संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

स्थापना वर्ष : 2002

# हिन्द जनपथ

पंचकूला

शुक्रवार

17 अक्तूबर, 2025

वर्ष: 24 अंक: 114

कुल पृष्ठ: 08

मूल्य: 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं

दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित।

www.hindjanpath.com


# भारत के तेल आयात के संबंध में ट्रम्प के बयान से देश-विदेश में हलचल





**नई दिल्ली-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस ताजा टिप्पणी से देश विदेश में राजनीतिक व राजनयिक हलकों में एक बड़ी हलचल पैदा हो गयी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें रूस से तेल की खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है और यह काम जल्द हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के वाशिंगटन में पत्रकारों के साथ बातचीत में दिये गये बयान को कुछ हलकों में भारत की ईंधन सुरक्षा नीति को प्रभावित करने का श्रेय लेने की अमेरिकी प्रशासन की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। श्री ट्रम्प ने कहा , ' मुझे अच्छा नहीं लगता था कि भारत (रूस से) तेल खरीद रहा था।.. और उन्होंने (मोदी) आज मुझे आश्वासन दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। यह एक बड़ी रोक है।'

श्री ट्रम्प के इस दावे पर तत्काल विभिन्न हलकों से तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गयीं ।

नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर अपनी ऊर्जा नीति तय करने का संप्रभु अधिकार रखता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि भारत तेल और गैस का एक बड़ा आयातक है और अति अस्थिर वैश्विक तेल बाजार में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना 'लगातार देश की प्राथमिकता' रही है। विदेश मंत्रालय ने ज़ोर दिया कि देश की तेल आयात नीति इन दोहरे लक्ष्यों से प्रेरित है कि तेल-गैस की कीमतों में स्थिरता रहे और आपूर्ति सुरक्षित रहे। आयात के स्रोतों का विविधीकरण और उनकी व्यापकता इस नीति के प्रमुख स्तम्भ हैं। मंत्रालय का कहना है कि भारत का यही व्यावहारिक रुख है कि देश पिछले एक दशक से भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को संतुलित करते हुए, अमेरिका सहित कई साझेदारों से तेल खरीदने के विकल्पों का विस्तार करने का प्रयास करता रहा है । भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने की अमेरिका की वर्तमान सरकार की इच्छा भविष्य में ऐसे सहयोग के लिए शुभ संकेत है। यह भारत की संप्रभुता के प्रति सम्मान दर्शाता है।

ट्रम्प के बयान पर रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने प्रतिक्रिया देते हुए रुस से तेल खरीदने में भारतीय अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रूस सरकार अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय निर्णयों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। श्री अलीपोव ने कहा, 'भारत और अमेरिका अपने निर्णय करने को स्वतंत्र हैं।' उन्होंने साथ में दोहराया कि रूस ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है।

इस बीच भारत की घरेलू राजनीति के मोर्चे पर विपक्षी दलों ने ट्रम्प की टिप्पणियों को आधार बना कर मोदी सरकार पर निशाना साधना और विदेश नीति के संचालन के सरकार के तरीकों की आलोचना की।

लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अधीन हो गये हैं। उन्होंने अपने इस आरोप के संदर्भ में तेल की खरीद को ले कर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर भारत की कथित चुप्पी, श्री मोदी की ओर से ट्रंप को बार-बार बधाई संदेश भेजे जाने और राजनयिक बैठकों में प्रधानमंत्री के शामिल न होने जैसे उनके कथित कार्यों का उल्लेख किया।

इन प्रतिक्रियों से अलग भारत शुरू से ही कहता आ रहा है कि उसने रूस से तेल खरीद कर वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर बनाये रखने में योगदान दिया है। सरकार की आरे से यह साफ तौर पर कई बार कहा जा चुका है कि अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने रुस-उक्रेन संकट शुरू होने पर भारत से रूस का कच्चा तेल खरीने का आग्रह किया था ताकि वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता न पैदा हो।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अगस्त के अंतिम सप्ताह में 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था।

## हर बच्चे की सुरक्षा और हर समुदाय में सद्भावना शांति अभियानों का लक्ष्य होना चाहिए: मुर्मु

**नयी दिल्ली –** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शांति अभियानों में शामिल देशों से कहा है कि शांति संरक्षक के रूप में उन्हें ऐसे विश्व का निर्माण करना चाहिए जहां हर बच्चा सुरक्षित हो, हर समुदाय सद्भावना से भरा हों और संघर्ष इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएं। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में योगदान देने वाले देशों के सैन्य प्रमुखों के यहां आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वाले सेना प्रमुखों और उप-प्रमुखों ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने देशों के सर्वोत्तम मूल्यों और लोकाचार के गौरवशाली प्रतिनिधि हैं जो स्थायी शांति और समृद्धि के प्रति अपने राष्ट्रों के अनुभव, विशेषज्ञता और संकल्प का भंडार साथ लाए हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक विश्व में 71 विभिन्न अभियानों में तैनात किए गए हैं। इन शांति अभियानों का उद्देश्य निर्दोष व्यक्तियों खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की पीड़ा दूर करना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सुदूर और दूर-दराज के स्थानों पर तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों ने इस कार्य के दौरान अनुकरणीय साहस और करुणा प्रदर्शित की है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के दृढ़ता से पालन में विश्वास रखता है। संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्थापना के बाद से ही भारत को निरंतर शांति रक्षकों के योगदान देने का गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे शांति रक्षकों ने दुनिया भर के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण अभियानों में विशिष्ट भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि शांति स्थापना के प्रयासों में भारत ने लैंगिक समावेशन में भी सराहनीय प्रगति की है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि महिला शांतिरक्षकों ने स्थानीय समुदायों के बीच विश्वास बढ़ाया है और उन्हें सशक्त बनाया है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि शांति स्थापना के बड़े कार्य में वीर महिलाओं और पुरुषों का योगदान देने वाले राष्ट्रों के रूप में, हमें सामूहिक तौर पर ऐसा ढांचे विकसित करने का प्रयास करना चाहिए जो सैन्य योगदानकर्ता देशों की आवाज और मज़बूत करें। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें स्थानीय हितधारकों के साथ अधिक सक्रियता से जुड़ने के लिए काम करना चाहिए, जो ऐसा वातावरण बनाने में सहायक होगा, जिसमें शांति थोपी नहीं जाएगी, बल्कि सहभागी प्रक्रियाओं के माध्यम से इसे पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों के सैन्य प्रमुखों का सम्मेलन और इसी तरह के अन्य उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम नए विचारों, प्रगाढ़ सहयोग और स्थायी मैत्री बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि शांति संरक्षक के रूप में हमें एक ऐसा विश्व निर्मित करना चाहिए जहां हर बच्चा सुरक्षित रहे, हर समुदाय सद्भावना से पूर्ण हो और दुनिया में संघर्ष इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएं।

मोटी-मोटी **बातें**

## ईडी ने एल्विश यादव और फाजिलपुरिया के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल



**गुरुग्राम** । यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में चंडीगढ़ की कंपनी स्काई डिजिटल को भी दोषी ठहराया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपितों को जल्द ही तलब करने का फैसला किया है। इसके बाद ही अदालत इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। ईडी की जांच में यह खुलासा हुआ है कि पंजाबी गायक फाजिलपुरिया के गाने '32 बोर' से करीब 52 लाख रुपये की कमाई हुई थी। इस कमाई का एक बड़ा हिस्सा बिजनौर में तीन एकड़ जमीन खरीदने में खर्च किया गया, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये थी। साथ ही, जांच के दौरान एल्विश यादव और फाजिलपुरिया के बैंक खातों से कुल तीन लाख रुपये जब्त किए गए, जबकि स्काई डिजिटल कंपनी के खाते से दो लाख रुपये जब्त किए गए। ईडी ने दोनों की करीब 55 लाख रुपये की संपत्ति भी अटैच कर ली है। यह सब उस म्यूजिक वीडियो से जुड़ा हुआ है जिसमें दोनों कलाकारों ने सांपों के साथ शूटिंग की थी। यह मामला 'कोबरा कांड' के नाम से भी जाना जाता है, जिसके तहत पहले भी एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा पुलिस ने केस दर्ज किया था। उस केस में

## नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित पंजाब सरकार के समारोहों की श्रृंखला का शुभारंभ गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास से होगा

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार द्वारा आयोजित समारोहों की श्रृंखला का शुभारंभ 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास के साथ किया जाएगा।

आज यहां पंजाब भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों की मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद और विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने बताया कि पंजाब सरकार ने इस अवसर पर एक माह तक चलने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली है।

उन्होंने कहा कि समारोहों की शुरुआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से होगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, सभी कैबिनेट मंत्री और अन्य विशिष्ट हस्तियां गुरुद्वारे में माथा टेकेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के शहीदी स्थलों पर जाकर श्रद्धा और सम्मान अर्पित करेंगे—इन तीनों ने गुरु साहिब के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और निष्ठा दिखाते हुए अप्रतिम बलिदान दिया था। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में संगत श्रद्धाभाव से हाजरी लगाएगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी ने मानव अधिकारों की रक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए जो बलिदान दिया, उसकी मिसाल विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलती। नवम पातशाह सांझीवालता और धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक थे, और उनका महान जीवन व दर्शन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ है।

मंत्रियों ने बताया कि 1 नवम्बर से 18 नवम्बर तक पंजाब के सभी जिलों में 'लाइट एंड साउंड शो' आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गुरु तेग बहादर जी के जीवन और दर्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही, गुरु साहिब के पावन चरणों से जुड़े नगरों में कीर्तन दरबार भी होंगे। इन समारोहों का उद्देश्य गुरु साहिब के जीवन, उनके दर्शन और मानवता के लिए दिए गए महान बलिदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

## दो दिन में 258 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, अमित शाह बोले- हथियार उठाने वालों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर नक्सलवाद के रास्ते पर चल रहे लोगों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पिछले दो दिनों में कुल 258 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने बताया कि गुरुवार को छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने हथियार डाले। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में मिली सफलता का जिक्र करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'छत्तीसगढ़ में गुरुवार को 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जबकि बुधवार को 27 नक्सलियों ने हथियार डाले। वहीं महाराष्ट्र में भी बुधवार को 61 नक्सली हथियार त्याग कर मुख्यधारा में लौटे। पिछले दो दिनों में कुल 258 वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है।' गृह मंत्री ने कहा, 'हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में अपना विश्वास पुनर्स्थापित करने के इन सभी के निर्णय की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की निरंतर कोशिशों का ही यह परिणाम है कि नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है।'



नक्सलियों के विरुद्ध सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें हमारी सुरक्षा बलों की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।'

इसी बीच, उन्होंने फिर से नक्सलवाद के रास्ते पर चल रहे लोगों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की। अमित शाह ने कहा, 'सभी नक्सलियों से मेरी अपील है कि वे अपने हथियार त्याग दें और मुख्यधारा में लौट आएं।'

उन्होंने यह भी बताया कि एक समय आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया गया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हुए हैं, जिन्हें हमारी सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।

## आंध्र प्रदेश: सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पीएम मोदी की तारीफ की, बोले- समर्पण भाव से देश की सेवा कर रहे प्रधानमंत्री



**कुरनूल**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में लगभग 13,430 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे समर्पण और निष्ठा भाव से देश की सेवा कर रहे हैं। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने मंच पर हिंदी में भाषण दिया, जिससे लोगों का ध्यान उनकी ओर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि हम सब श्रीशैलम श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी से प्रार्थना करते हैं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की निरंतर प्रगति करने की शक्ति दें और हमारा विकसित भारत का सपना पूरा करें। साथ ही उन्होंने बिहार चुनाव में एनडीए जीत का दावा किया। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि बिहार में एनडीए की जीत होगी और इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी की विजय यात्रा आगे बढ़ती रहेगी।

इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी भाषण में देते हुए कहा कि पीएम मोदी यूनिक लीडर हैं। वे समर्पण भाव से देश की सेवा कर रहे हैं। 21वीं सदी मोदी की सदी होगी। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आगे कहा कि हमने कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया, लेकिन मैंने पीएम मोदी जैसा नेता नहीं देखा। वे बिना ब्रेक के लगातार काम करते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में सम्मान मिल रहा है। दुनिया में भारत प्रोग्रेसिव और मजबूत हुआ।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने पंचमुरलु से भगवान का रुद्राभिषेक भी किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण मौजूद थे। मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में से एक है।

पीएम मोदी ने कहा कि 12 ज्योतिर्लिंगों में, भगवान सोमनाथ और भगवान मल्लिकार्जुन का नाम आरंभ में एक साथ आता है। उन्होंने कहा कि 'यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे गुजरात के सोमनाथ की पावन भूमि पर जन्म मिला, मुझे काशी में बाबा विश्वनाथ की भूमि की सेवा करने का अवसर मिला और अब श्रीशैलम का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।'

## काबुल में जल्द ही खुलेगा भारतीय दूतावास : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली –** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भारतीय दूतावास अगले कुछ दिनों में ही खुल जायेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरूवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि काबुल में जून 2022 से भारत का तकनीकी मिशन काम कर रहा है और अगले कुछ दिनों में इसकी जगह दूतावास खुल जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा के दौरान भारत ने काबुल में दूतावास खोलने की घोषणा की थी। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने श्री मुत्ताकी के साथ वार्ता के दौरान भारत के इस निर्णय की जानकारी दी थी।


भारत के इस महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम को अफगानिस्तान के साथ संबंधों के मजबूत होने के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

भारत ने अफगानिस्तान में अफगान तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद अपने काबुल स्थित दूतावास को बंद कर दिया था।

## ऑपरेशन के दौरान दुनिया ने देखी भारतीय सैनिकों और देश की बढ़ती शक्ति: राजनाथ

**पुणे –** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारतीय सैनिकों की वीरता और देश की बढ़ती स्वदेशी शक्ति को देखा और उसका लोहा माना।

श्री सिंह ने गुरुवार को पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण है, जो देश में आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के सरकार के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वास और दृढ़ता जैसे गुणों के महत्व समझाते हुए कहा कि जब सरकार ने रक्षा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना शुरू किया, तो आरंभ में यह कठिन लग रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घरेलू रक्षा विनिर्माण के विस्तार में कोई कसर न छोड़ते हुए पूरी



कोशिश की गयी। इसी संकल्प के कारण सकारात्मक परिणाम मिलने लगे।

उन्होंने कहा, 'हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं। हम हथियार खरीदने के आदी हो गए थे और यह सब इसलिए हो रहा था क्योंकि हमारे पास भारत में निर्माण करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी। हमारे पास रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी क़ानून भी नहीं थे। इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। अब हमारा संकल्प है कि भारत अपने सैनिकों के लिए स्वदेश में निर्मित हथियार बनाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे सैनिकों की वीरता देखी। उन्होंने निर्धारित व्यापक लक्ष्य देश में निर्मित रक्षा उपकरणों के उपयोग से ही हासिल किया।'

रक्षा निर्माण में युवाओं के योगदान की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सालाना रक्षा क्षेत्र का उत्पादन 46 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये का हो गया है। इसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का है। इस दौरान उन्होंने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य हासिल होने का विश्वास व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस से संबंधित आयोजनों में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को देंगे निमंत्रण

### ई.टी.ओ. और गोयल ने आयोजनों में शामिल होने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण देंगे।



आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से राज्य सरकार की तरफ से इन स्मृति समारोहों में शामिल होने के लिए इन विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ साझा किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री उनकी सुविधा के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध करेंगे। राज्य सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध और सुरक्षा इंतज़ाम विशेष रूप से करेगी, ताकि यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन सके। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पहले ही इस स्मृति दिवस के अवसर पर पूरे राज्य में विशेष आयोजनों की रूपरेखा तय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये श्रृंखलाबद्ध आयोजन पूरे राज्य में पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न होंगे। मुख्य आयोजन श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर राज्य सरकार की ओर से आयोजित किया जाएगा। इन आयोजनों की श्रृंखला का उद्देश्य जनता को धर्मनिरपेक्ष मूल्यों, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के मानवता और त्याग की भावना से प्रेरित करना है। श्री गुरु तेग बहादर जी की अनुपम शहादत मानव इतिहास में अद्वितीय है, जो अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है।


GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTIVIBHAG

"NOTICE INVITING e-TENDER"

The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Dharampur Distt. Solan H.P. invites e-tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors/firms for the following work through e-tendering process:

| Sr. No. | Name of work. | Estimated cost | Earnest money | Time | Cost of form | Last date of filing/ uploading the tender through e- tendering up to |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Mitigation measure to sustain/protect drinking water supply scheme to Parwanoo Town (SH:-Consultancy service for preparation of DPR for design of Hydraulic gates, Spill ways, spur/groynes and Flood protection work of Kaushlya Dam). | 4,93,463/- | 9,870/- | One Month | 500/- | 27.10.2025 Upto11:00 A.M. |
| 2. | C/O Dam on Chatti Gali Karyua Nadi (SH:-Consultancy service for preparation of DPR for Dam including Contour survey, Hydraulic Design and structure design of Dam). | 10,48,050/- | 21,000/- | Three Months | 500/- | -do- |
| 3. | R/M of LWSS Ghamjoon, Tehsil Kasauli, Distt:-Solan, H.P. (SH:- Repair of pump sets make KSB Movi 32/14,Sr No:03284410002). | 1,59,810/- | 3,200/- | One Month | 500/- | -do- |
| 4. | RRD to inspection hut at Barog (SH:- Construction of RCC retaining wall, balance work of composite masonary boundary wall, Lighting arrangements, railing work, boulder filling etc at inspection hut at Barog) Under CRF. | 50,11,720/- | 1,00,234/- | Three Months | 2000/- | -do- |
| 5. | Restoration of rain damage of various LWSS Under JS Section Dharampur, Tehsil Kasauli, Distt. Solan H.P. (SH:- Restoration of various Lift Water Supply Schemes for various Villages under Jal Shakti Section Dharampur). | 11,69,548/- | 23,391/- | One Month | 500/- | -do- |
| 6. | Restoration of Rain Damages to LWSS to various villages in Kasauli Constituency from Giri River in Tehsil Kasauli, District Solan H.P. (SH:- Removal of Mucks/debris from WTP Maryog in Tehsil & District Solan). | 6,95,273/- | 13,905/- | One Month | 500/- | -do- |
| 7. | RRD of WSS to various villages in Kasauli Constituency from Giri River in Tehsil Kasauli District Solan H.P. (SH:- Jacketting of filter bed of LWSS Thare Ka Thakurdwara, LWSS Oriya & replacement of old Filter media in Tehsil Kasauli District Solan H.P.) under CRF. | 6,22,340/- | 12,500/- | Three Months | 500/- | -do- |

The tenders forms and other detailed can be obtained from website **http://hptenders.gov.in**

**HIMSUCHNA AVAM JANSAMPARK**

**Executive Engineer**
**Jal Shakti Division,**
**Dharampur,Distt. Solan H.P.**

**R.No. 3750/2025-2026**

## संपादकीय

### डिजिटल दुनिया में क्या कानून से ज्यादा ताकतवर हैं जालसाज?

डिजिटल प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आसान और कुशल बनाती है। इससे संचार, शिक्षा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सहित कई सेवाएं बेहतर हो जाती हैं। निस्संदेह यह तकनीक आज के समय की जरूरत बन गई है। मगर निजी और व्यावसायिक स्तर पर इसका जितना महत्त्व है, बिना व्यापक जानकारी के इसका इस्तेमाल उतना ही खतरनाक साबित हो सकता है। इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अब आपराधिक गतिविधियों में भी धड़ल्ले से होने लगा है। इसी तरह के एक मामले में महाराष्ट्र के अमरावती में उपभोक्ता अदालत से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को साइबर जालसाजों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे इकतीस लाख रुपए ठग लिए।हालांकि, इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे कई मामले देश भर में सामने आ चुके हैं। मगर सवाल है कि इन घटनाओं से शासन-प्रशासन और डिजिटल तकनीक से जुड़े लोग क्या सबक ले रहे हैं? क्या इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोई ठोस उपाय किए गए हैं? दरअसल, 'डिजिटल अरेस्ट' का मतलब है कि जब साइबर जालसाज किसी व्यक्ति को आनलाइन माध्यम से डराते-धमकाते हैं और उसे तब तक एक स्थान पर ही रहने को मजबूर कर देते हैं, जब तक कि वह मुंह मांगी रकम नहीं दे देता। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सौ करोड़ तक पहुंच गई है। मगर, सवाल है कि इनमें से कितने लोग ऐसे होंगे, जो डिजिटल तकनीक की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों को जानते-समझते हैं?आए दिन सामने आ रहे साइबर अपराधों की तस्वीर से साफ है कि ऐसे लोगों की संख्या बेहद कम है। अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अगर शिक्षित एवं उच्च पदों पर रहे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं, तो डिजिटल तकनीक के मामले में आम लोगों के साथ क्या स्थिति होगी।

**सिद्धांत विहीन गठबंधन की राजनीति से किसी भी जीवंत लोकतंत्र का कदापि भला नहीं हो सकता है। बिहार इसका दिलचस्प उदाहरण बन चुका है। यहां पर नीति और नियम दोनों का माखौल उड़ाया जा रहा है। चाहे एनडीए हो या इंडिया महागठबंधन (पूर्व नाम यूपीए), दोनों जगहों पर टिकट बंटवारे में जितनी सिरफुटौव्वल दिखाई पड़ी, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि मतदाताओं ने समझदारी नहीं दिखाई तो 14 नवम्बर से सरकार बनाने के लिए हॉर्स ट्रेडिंग होना तय है।**

# आखिर गठबंधन की 'गदहपचीसी' में कबतक उलझा रहेगा बिहार? बताएं नेता-मतदातागण!

(कमलेश पांडे)

सच कहूं तो इस फजीहत भरी सियासी स्थिति के लिए भाजपा और कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी कम जिम्मेदार नहीं है, क्योंकि उनके बीच बारहों मास चलते रहने वाले शह और मात के अनैतिक खेल से उनके क्षेत्रीय सहयोगियों के इकबाल बुलंद रहते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जदयू और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (सुपुत्र पूर्व मुख्यमंत्रीद्वय लालू यादव व राबड़ी देवी) तो महज इनके हथकंडे मात्र हैं। लेकिन कभी एक-दूसरे की सियासी उन्नति की सहायक रहे नीतीश कुमार और लालू यादव इतने सजग रहते हैं कि इन्होंने एक-दूसरे का प्रबल विरोधी रहने के बावजूद दो-दो बार आपस में हाथ मिलाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। इन्होंने भाजपा-कांग्रेस की सियासी तिकड़मों को बिहार में कभी सफल नहीं होने दिया। खास बात यह कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के टिकट बंटवारे से पहले भी इन्होंने यानी जदयू ने भाजपा को और राजद ने कांग्रेस को, उनके गठबंधन सहयोगियों को उकसाकर जो गुप्त सियासी खेल खेला है, उससे राजनीतिक विश्लेषकों का भी दंग रह जाना स्वाभाविक है। जदयू का यह कहना कि लोजपा आर, हम और रालोमो को भाजपा मैनेज करे, यह एक गहरी सियासी चाल है! वहीं तेजस्वी यादव के परोक्ष इशारे पर वीवीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी द्वारा कांग्रेस पर तंज कसना और कांग्रेस को पिछली बार से भी कम सीटें ऑफर करना, साथ ही भाकपा माले द्वारा अधिक सीटों की मांग करना यह जाहिर करता है कि राजद अपने सहयोगियों को सीट बंटवारे के दौरान इतना कमजोर रखना चाहता है कि कि चुनाव परिणाम आने के बाद भी इनकी मोलभाव की ताकत कम रहे। यही पेंच जदयू की भी है, लेकिन भाजपा ने उसे 122 से 101 तक झुकाकर अपनी बढ़त बना ली है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गठबंधन की बुनियाद पर लड़े जा रहे चुनाव में पहली और बड़ी चुनौती यही रहती है कि गठबंधन के भीतर किस तरह से सहयोगी



दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा और जमीनी हकीकत के बीच तालमेल बिठाया जाए यानी कि सही संतुलन साधा जाए। इस नजरिए से बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने सहयोगियों के बीच सीटों की संख्या के बंटवारे की गुत्थी पहले ही सुलझाकर शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है। सियासी टिप्पणीकारों की मानें तो बिहार में राजग या महागठबंधन के 2020 के मुकाबले 2025 में गठबंधनों के बाहर ही नहीं, बल्कि भीतर भी समीकरण बदल चुके हैं, जिसका तीखा असर सीट शेयरिंग पर भी दिख रहा है। एनडीए में जदयू और बीजेपी बराबर-बराबर सीटों पर मैदान में हैं, जबकि बाकी दलों को उनकी मांग से काफी कम सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। जिससे वे लोग बाहर से खुश और अंदर से नाखुश हैं। उनकी सियासी कविताएं इसी बात की चुगली करती हैं। हालांकि गठबंधन के लिए अच्छी बात यह होगी कि किसी सहयोगी दल ने खुलेआम नाखुशी जाहिर नहीं की है, क्योंकि अब में निर्विकल्प हो चुके हैं। जानकारों की मानें तो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने एक नहीं बल्कि कई चुनौतियां लेकर आया है। भले ही वृद्ध हठ के अनुरूप इस चुनाव में भी राजग का चेहरा नीतीश कुमार ही हैं, लेकिन बड़े भाई वाली उनकी पार्टी की भूमिका अब बराबर वाली हो चुकी है। पिछले दो दशकों से यही कहानी रही है कि उनके साथ में भाजपा रही हो या राजद, सीटें कम आई हों या ज्यादा -नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने। बीच में कुछ समय के लिए जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री उन्होंने ही बनवाया था। इसप्रकार वर्ष 2005 से ही वह मुख्यमंत्री पद पर बने हुए हैं। हालांकि इस चुनाव में उनकी राह आसान नहीं लग रही है, क्योंकि भाजपा, लोजपा आर, हम और रालोमो का दबाव उनपर है। वहीं, कानून-व्यवस्था को चुनौती देते अपराधियों की टीम और उनके सहयोगियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों ने उनकी सुशासन बाबू वाली छवि को गहरी चोट पहुंचाई है। हालांकि मोदी नाम केवलम के दम पर तो उनकी चुनावी नैया पार लग जाएगी। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि पिछली बार की तरह अगर इस बार भी उन्हें भाजपा से कम सीटें मिलती हैं, तब भी क्या सीएम की कुर्सी पर उनका दावा बना रहेगा या फिर चुनाव बाद कोई नया राजनीतिक खेल शुरू होगा।

वहीं, राजद की मुश्किल अलग प्रकार की है। कहा जा रहा है कि एनडीए ने जिस फॉर्म्युले को समय रहते ही सुलझा लिया, उसी फॉर्मूले तक पहुंचने में महागठबंधन को अभी काफी पापड़ बेलने पड़ेंगे और कांग्रेस आलाकमान की कठिन परीक्षा से उन्हें गुजरना है। क्योंकि इस बार कांग्रेस ने बिहार में पहले से भी अधिक सीटों की आस लगाई है। जबकि राजद के लिए उसे मानना और साथ में दूसरे सहयोगियों से तालमेल बैठाना काफी मुश्किल हो सकता है। ऐसा उनकी परस्पर विरोधाभासी बयानबाजियों से पता चलता है।

कोढ़ में खाज यह कि इस बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार (करप्शन) केस में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय होने से भी तीनों नेताओं की परेशानी बढ़ी है और आगे भी ज्यादा बढ़ सकती है। चूंकि तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार और रोजगार जैसे अहम मुद्दे उठाए हैं। लेकिन ऐन चुनाव के पहले भ्रष्टाचार के मुकदमे (करप्शन केस) के आगे बढ़ने से उनके विरोधी दलों को एक और बड़ा मौका मिल गया है और भाजपा ने तो इसकी आक्रामक शुरुआत भी कर दी है। उधर, सुप्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज का एंगल भी राजग और महागठबंधन की सियासी महत्वाकांक्षाओं में सियासी पलीता लगा सकता है, क्योंकि प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने भी उम्मीदवारों का ताबड़तोड़ ऐलान शुरू कर दिया है। इससे कहीं एनडीए को तो कहीं महागठबंधन को तगड़ा घाटा होगा, क्योंकि इस पार्टी की ओर से अब तक की जारी लिस्ट में जातिगत समीकरणों का पूरा पूरा ख्याल रखा गया है।

बहरहाल, अब पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख में केवल चार दिन बचे हैं, और दूसरे खेमों ने लिस्ट जारी करने में बाजी मार ली है, तो महागठबंधन पर दबाव बढ़ा होगा, ऐसा स्वाभाविक है। जनता को भी अब एनडीए और महागठबंधन की कीच कीच रास नहीं आ रही है। जिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार का कम समय मिलेगा, उनकी जीत के चान्स भगवान भरोसे रह जाए तो कहना गलत नहीं होगा। अब यह बिहार के प्रबुद्धजनों व मतदाताओं के ऊपर निर्भर है कि गठबंधन की गदहा-पचीसी से वो बाहर निकलकर एक नए भविष्य का निर्माण करेंगे या फिर लालू प्रसाद व उनके विकल्प नीतीश कुमार के सियासी भूलभुलैया में उलझे रहेंगे।

सवाल मौजूं है कि आखिर गठबंधन की 'गदहपचीसी' में कबतक उलझा रहेगा बिहार? बिहार के नेताओं व मतदाताओं को यह बात स्पष्ट करके ही दमदार निर्णय लेना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि मुख्यमंत्री के साथ साथ भावी प्रधानमंत्री वो कब चुनेंगे? (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# तालिबान संग भारत का नया अध्याय, बदल रहा दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक समीकरण

(मृत्युंजय दीक्षित)

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा।

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है किन्तु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर आए हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।

भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए हैं, उनकी दो पत्रकार वार्ताएं भी हो चुकी हैं जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारो को प्रवेश ण मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं। अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू - कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है। भारत और अफगानिस्तान के बयान के अनुसार दोनो पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यो की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया गया है।

अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया फिर अफगानिस्तान ने करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। भारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा ?

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। इन दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उनके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू-कश्मीर को हथियाकर वहां शरिया कानून लागू करवा देंगे किंतु समय बदलने के साथ ही पाकिस्तान का यह प्लान पूरी तरह से धराशायी गया है। आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हो गए हैं क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा। सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार संपत्ति जायदाद आदि छोड़ के आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नही कर सकेगी। इसका स्पष्ट इंगित पाक परस्त खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था। तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को एक अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा। अफगान विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात के बाद अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस देने के साथ ही वहां की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए भारत ने सहायता की घोषणा की है। यदि भारत अफगानिस्तान में अपना दूतावास खोलता है तो वह वहां से पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर सूक्ष्म दृष्टि रख सकेगा। तालिबान शासन से मैत्री इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि इस समय भारत के सभी पड़ोसी देश अस्थिरता का शिकार हैं ऐसे में सामरिक दृष्टिकोण से एक नया मार्ग खोलना अति आवश्यक हो गया है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5885

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| | | | ■ | 8 | | | 9 |
| ■ | 10 | | 11 | | ■ | 12 | |
| 13 | ■ | ■ | 14 | | ■ | ■ | |
| 15 | 16 | 17 | ■ | 18 | 19 | 20 | |
| 21 | | | ■ | ■ | 22 | | |
| | ■ | 23 | 24 | | | ■ | ■ |
| 25 | | ■ | | ■ | ■ | 26 | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. क्रिकेट को यहां हुई ओलम्पिक स्पर्धा से हटाया गया था (1900)(3)
4. मध्यप्रदेश में प्रथम आकाशवाणी केंद्र यहां स्थापित हुआ (3)
7. युवा, तरूण (3)
8. टालना, स्थगित करना (4)
10. जन समूह को यह भी कहते है (4)
12. एक तरह का विस्फोटक रासायनिक गोला (2)
14. आवास, शारगुल, शब्द (2)
15. बदला चुकाने के उद्देश्य से किया गया कार्य, उत्तर (3)
18. लजीला, लज्जावान, छुईमुई का पौधा (2)
21. कुदार (3)
22. व्रत के बाद पहला भोजन करने की क्रिया, पर करने की क्रिया (3)
23. खिड़की, झरोखा (4)
25. प्रसन्न होने का भाव (2)
26. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न (1)

**ऊपर से नीचे**
1. पुस्तक, पत्रिका (3)
2. रस्म, प्रथा, रीति (3)
3. बलमा, प्रेमी, साजन (3)
4. मध्यांतर को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
5. उन्नति का समय, बढ़ती का समय (2)
6. घुडसवार का पदाश्रय (3)
9. हिंदुओं का एक संस्कार जिसमें नवजात शिशु का नाम रखा या स्थिर किया जाता है (5)
11. स्वर्ग में रहने वाली अप्सरा या सुंदर स्त्री (2)
13. राजपुत्री, राजा की बेटी (5)
16. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
17. दंगा-फसाद, उपद्रव, बगावत विप्लव (3)
19. 1945 ई.में परमाणु बमों से तबाह नागासाकी और हिरोशिमा इस देश में स्थित है (3)
20. अक्ष, श्रेष्ठ स्थान, और परे (2)
24. अरब का, शिकारी कुत्ता (2)

**वर्ग पहेली 5884 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | बी | ■ | वि | ए | त | ना | म |
| दा | न | वी | र | ■ | ह | म | ला |
| न | ■ | र | ह | म | त | ■ | ल |
| ■ | रे | ■ | ज | ल | ■ | बै | ■ |
| या | ■ | भा | र | त | ■ | रा | स |
| क | मा | ई | ■ | बा | जी | ग | र |
| ■ | न | चा | ना | ■ | जा | ■ | प |
| कि | ना | रा | ■ | ■ | ■ | जू | ट |

# अब्दुल कलाम के 5 'लाइफ चेंजिंग' मंत्र, बदल देंगे आपकी किस्मत!

(दिव्यांशी भदौरिया)

डॉ. अब्दुल कलाम के 5 'सफलता के मंत्र' बताते हैं कि सच्चा सपना वही है जो आपको सोने न दे और सूरज की तरह चमकने के लिए संघर्ष ज़रूरी है। उनका संदेश है कि छोटा लक्ष्य रखना एक अपराध है; आत्मविश्वास और अथक मेहनत से ही आप हर मुश्किल का सामना कर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं, जो हर छात्र और व्यक्ति के लिए प्रेरक है। 15 अक्टूबर को भारत के मशहूर वैज्ञानिक और 11वें राष्ट्रपति डॉ. ए.पी. जे अब्दुल कलाम की जयंती थी। इसे अब विश्व छात्र दिवस के रुप में मनाया जाने लगा है। आज हम आपको डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की वो बातें बताएं, जिन्हें आप अपनी लाइफ में अमल करेंगे तो आपका जीवन ही बदल जाएगा। कभी लगे आप जीवन में कभी पीछे रह गए या फिर लाइफ की कठिनाइयों से परेशान हैं, तो एक बार इन 5 बातों को पढ़ लें, फिर आपको कोई भी सफल होने से रोक नहीं सकता। यदि आप एक स्टूडेंट है तो इन बातों को अभी से याद कर लें। यह आपकी लाइफ बदल देगी। इसके साथ ही ये बातें बड़ों का भी हौसला बढ़ाएगी।

**अब्दुल कलाम के 5 प्रेरक बातेंः** सपना वो नहीं होता है जो सोते वक्त देखते हैं, असली सपना वो होता है जो हमें सोने ही न दे

इसका अर्थ है कि जिसको हम नींद में देखते हैं और सपना बोलते हैं वो तो सिर्फ एक कल्पना मात्र है। सपना को वह है जिसे पूरा किए बिना नींद ही ना आए। जब तक व्यक्ति का सपना पूरा न हो, तब तक व्यक्ति को नींद नहीं आनी चाहिए। यदि आपको नींद आ रही तो यह आपका असली सपना नहीं है।

अगर सूरज की तरह चमकना है, तो सूरज की तरह जलना होगा।

इस वाक्य में अब्दुल कलाम ने कहा है कि आप जितना तपोगे उतना ही सोने की तरह चमकोगे। सरल भाषा में बताएं, तो आप जितने संघर्षों का सामना करोगे, आपकी सफलता भी उतनी ही शानदार होगी।

छोटा लक्ष्य बनाना एक अपराध है, हमेशा बड़ा सोचो।

अब्दुल कलाम के इस वाक्य का अर्थ है कि जितना आप बड़ा करों। जब बड़ा सोचोगे तभी आपके सपने पूरे होंगे और आप बड़ा करोगे।

जिसके पास आत्मविश्वास और मेहनत होती है, वो अपने सपनों को सच कर सकता है।

इसका अर्थ है कि केवल सपने देखना काफी नहीं होता है, इन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास भी जरुरी है।

मुश्किलें जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन उनसे हार मान लेना जीवन का अंत है।

अब्दुल कलाम के इस वाक्य के अर्थ है कि सभी के जीवन में खूब कठिनाईयां आती हैं वो तो जीवन का एक हिस्सा होता है, यदि आप मुश्किल समय में हार मान जाओगे तो ये जीवन का अंत होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन लाभ के योग बनते हुए दिख रहे हैं। दिनभर कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। राशि स्वामी हस्त नक्षत्र के प्रथम चरण में है। इससे आपके लिए पदोन्नति या नौकरी में उन्नति के संकेत मिल रहे हैं। बृहस्पति के मिथुन राशि में मार्गी होने से आपके स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन आ सकता है। ऐसे में आपको धैर्य काम लेना होगा रखें।

### वृष
आज संपत्ति से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। इस दौरान आपके परिवार में भी हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। घर का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहने वाला है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से आपको धन लाभ होने की संभावना दिखाई दे रही है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बनते दिख रहे हैं।

### मिथुन
आज का दिन शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन के चांस बनते दिख रहे हैं। इस दौरान संतान से संबंधित कोई शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज के दिन विलासिता के प्रति आपकी रुचि बढ़ती हुई दिख रही है। कार्यस्थल पर सहयोगियों का पूरा साथ मिलने से लाभ की संभावना बन रही है।

### कर्क
आज संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस दौरान आपको किसी प्रकार का गिफ्ट मिलने की संभावना दिख रही है। दिन के उत्तरार्ध में पढ़ाई-लिखाई में आपका मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे।

### सिंह
आज घर में मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। मित्रों की मदद से व्यापार में आज के दिन आपको नए अवसर प्राप्त होंगे। अचानक धन लाभ का योग बनता हुआ दिख रहा है। हालांकि इस दिन स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहने की जरूरत है। शनि के प्रभाव से पाचन में गड़बड़ी या वायु विकार हो सकता है।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करनी पड़ेगी और अंत में इसका परिणाम भी आपके लिए लाभदायक रहेगा। लेखन और शिक्षा के कार्यों से आय में वृद्धि होगी। हालांकि इस समय आपको अपने क्रोध पर संयम बनाए रखना होगा। संतान की पढ़ाई से अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

### तुला
आज अपनी इच्छा के विरुद्ध कार्य करना पड़ सकता है। इस दौरान आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। हालांकि कुछ खर्चों के सामने आने से आर्थिक स्थिति गड़बड़ हो सकती है। वहीं, नौकरीपेशा जातकों को आज दफ्तर में अपने अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के समय किसी आध्यात्मिक कार्य में भागीदारी से आपका मन प्रसन्न रहेगा। रात का समय सामाजिक गतिविधियों में व्यतीत होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन शुभ संकेत लेकर आया है। राशि स्वामी मंगल द्वादश भाव में होकर चंद्रमा से दशम योग बना रहें है। इससे आपके कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज के दिन मां का आशीर्वाद आपके लिए फलदायी रहने वाला है। वही, लंबे समय से अटका हुआ धन आज के दिन मिलने की संभावना दिख रही है।

### धनु
आज कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। हालांकि शनि के प्रभाव से मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। परिवार में संपत्ति को लेकर कुछ मतभेद हो सकते हैं। इस दौरान बातचीत में संयम बरतें। भाइयों के साथ विचारों में टकराव के आसार बन रहे हैं। शाम के बाद छोटी यात्रा करना पड़ सकती है।

### मकर
आज का दिन आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आया है। बुध और राहु का प्रभाव मकर राशि वालों के कार्यक्षेत्र में विशेष सफलता दिलाएगा। आज के दिन भाग्य का पूर्ण सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी और धन की प्राप्ति के योग भी बनते दिख रहे हैं। आपके रुतबे से विरोधी भी आपके पक्ष में झुक सकते हैं।

### कुंभ
आज आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती हैं। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। संपत्ति के विस्तार या उससे आय के नए अवसर मिलेंगे। हालांकि इस दौरान जीवनसाथी से मतभेद हो सकता है। ऐसे में अपनी वाणी पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। शाम को धार्मिक आयोजन हो सकता है। मानसिक शांति के लिए ध्यान और योग कर सकते हैं।

### मीन
आज आपका दिन सामान्य परिणाम देने वाला रहेगा। धर्म-कर्म में आपकी आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च हो सकता है। नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन माहौल को खुशनुमा बनाएगा। आर्थिक रूप से आय के नए स्रोत आपके सामने आएंगे। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। निवेश के लिए ये सही समय है।

## न्यूज डायरी

### यूपीएससी परीक्षा के बारे में मिथकों को तोड़ना विषय पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया ख्यात वक्ता एवं शिक्षक हर्षित बहमनी ने



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पीजीजीसी-46 के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने कैंपस में ख्यात वक्ता एवं शिक्षक हर्षित बहमनी ने यूपीएससी परीक्षा के बारे में मिथकों को तोड़ना विषय पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा की तैयारी के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिए प्रेरित किया और अनुशासन, वैचारिक स्पष्टता और आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया। उनके संवादात्मक और प्रेरक सत्र ने छात्रों को आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो बीनू डोगरा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हुए छात्रों में नवाचार, जागरूकता और प्रेरणा को बढ़ावा देना था। इस प्रेरक व्याख्यान के बाद एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कॉलेज की डीन अनुराधा मित्तल और उप-प्राचार्य, प्रो. (डॉ.) स्नेह हर्षिंदर शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने कक्षा के बाहर सीखने को बढ़ावा देने वाली ऐसी सार्थक शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन में संस्थागत नवाचार परिषद के प्रयासों की सराहना की। प्रवीण चौबे और डॉ. गोबिंद चंद्र सेठी के मार्गदर्शन और समन्वय में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ, जिन्होंने इसे सुचारू रूप से संपन्न कराया।

### युवा महिलाओं द्वारा अपने विचारों को क्रियान्वित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना प्रसन्नता का विषय : प्रो. अनीता कौशल

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर–42, चंडीगढ़ के परिसर में आज उत्साह और नवाचार का अनोखा संगम देखने को मिला, जब कॉलेज की एंटरप्रेन्योरशिप सेल (ई–सेल) द्वारा आयोजित उद्यमोत्सव–42 के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय स्टार्टअप और नवाचार मेला था, जिसने छात्राओं में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र उद्यमियों, स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों तथा नवोन्मेषकों द्वारा कुल 40 जीवंत स्टॉल लगाए गए। इन



स्टॉलों पर हस्तनिर्मित उत्पाद, पर्यावरण–अनुकूल वस्तुएँ, खाद्य सामग्री, फैशन एक्सेसरीज़ और अनेक नवीन उत्पाद प्रदर्शित किए गए।
उद्यमोत्सव–42 ने लगभग 3,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया, जिनमें छात्राएँ, शिक्षकगण और अन्य हितधारक शामिल थे। इस अवसर पर कॉलेज का परिसर नवाचार, उत्पादों और विचारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अनीता कौशल द्वारा किया गया। उनके साथ डॉ. लखवीर (एएसपीडी, आरयूएसए), उप–प्राचार्या डॉ. अंजू त्रिखा, ई–सेल के सदस्य तथा स्टूडेंट काउंसिल की टीम भी उपस्थित रही। प्राचार्या ने सभी स्टॉलों का भ्रमण किया और छात्राओं की रचनात्मकता, उद्यमिता–भावना तथा नवाचार के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि युवा महिलाएँ अपने विचारों को क्रियान्वित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु नवाचार, प्रस्तुति एवं व्यावसायिक क्षमता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ तीन स्टॉलों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। इसने प्रतियोगिता को और भी रोचक तथा प्रेरणादायक बना दिया।

# "आपकी पूंजी – आपका अधिकार" कपूरथला में अनक्लेम्ड एसेट्स के त्वरित निपटान हेतु जनजागरण शिविर का आयोजन



**कपूरथला** : राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) पंजाब के नेतृत्व में 16 अक्टूबर 2025 को पंजाब के कपूरथला जिले में "आपकी पूंजी – आपका अधिकार" थीम पर एक विशाल जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक श्री रामकिशोर मीना ने बताया कि अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक, बीमा, पेंशन तथा म्यूचुअल फंड से संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

उन्होंने जानकारी दी कि यदि किसी बैंक खाते में जमा राशि 10 वर्षों तक अप्राप्त रहती है, तो वह राशि भारतीय रिज़र्व बैंक को स्थानांतरित कर दी जाती है। ऐसे दावा रहित जमा, बीमा, पेंशन या म्यूचुअल फंड की राशि को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में नागरिकों को विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि इस तरह के जागरूकता शिविर देशभर के विभिन्न राज्यों में आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पुरानी दावा रहित राशि को उसके वास्तविक मालिक, नामित व्यक्ति या वैधानिक उत्तराधिकारी को लौटाया जा सके।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आरंभ किया गया यह "आपकी पूंजी – आपका अधिकार" जनजागरण अभियान 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। आगामी दिनों में प्रत्येक जिले में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए नागरिक भारतीय रिज़र्व बैंक के उद्गम पोर्टल (UDGAM Portal) पर लॉग इन कर सकते हैं या अपनी निकटतम बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर नागरिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें अपने बैंक खातों में पैन कार्ड, आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही, साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक श्री कंवलजीत द्वारा किया गया।

## पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में मत्स्य पालन मंत्रालय के सचिव डॉ. अभिलाक्ष लिखी ने मछलीपालकों और उद्यमियों के साथ की चर्चा



**फतेहगढ़ साहिब**– आज मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव डॉ. अभिलाक्ष लिखी ने फतेहगढ़ साहिब जिला का दौरा किया और मछलीपालकों एवं मत्स्य उद्यमियों से उनके मुद्दों और चुनौतियों को समझने के लिए चर्चा की, विशेष रूप से पुनः परिसंचरण जलीय कृषि प्रणाली (आर.ए.एस – रीसर्क्युलेटिंग जलीय कृषि प्रणाली) और झींगा पालन के संदर्भ में।

दौलतपुर गांव, बसी पथाना में आधुनिक आर.ए.एस सुविधाओं का दौरा करते हुए, डॉ. लिक्खी ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) सहित केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत चल रहे मत्स्य पालन परियोजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने स्थानीय मछलीपालकों द्वारा अपनाई गई नवोन्मेषी प्रथाओं के बारे में जानकारी ली, जिन्होंने बंजर भूमि को उत्पादक जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) हब में बदलकर क्षेत्र में रोजगार और आजीविका के अवसर सृजित किए हैं। इस अवसर पर करीब 35–40 प्रगतिशील मछलीपालक उपस्थित हुए और उन्होंने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

दौरे के दौरान, डॉ. लिखी ने प्रौद्योगिकी-आधारित मछली पालन, मछलीपालकों की क्षमता निर्माण, आय में वृद्धि और ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए प्रजातियों के विविधीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रीय सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि आधुनिक मत्स्य पालन प्रथाओं को अवसंरचना विकास, नवाचार और क्षमता संवर्धन के माध्यम से समर्थन मिलेगा।

यह दौरा इस बात को भी उजागर करता है कि केंद्र सरकार खारे पानी वाले राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मत्स्य पालन को प्राथमिकता दे रही है। इन राज्यों में अक्सर कृषि भूमि खारेपन से प्रभावित होती है, और जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) के माध्यम से भूमि के अनुकूल उपयोग के साथ आजीविका के कई अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

भारत के अंतर्देशीय जल संसाधनों की संभावनाएँ विशाल हैं और अभी तक अपेक्षाकृत कम उपयोग की गई हैं। देश में 1.95 लाख किलोमीटर नदियाँ और नहरें, 6.06 लाख हेक्टेयर खारा पानी क्षेत्र, 3.65 लाख हेक्टेयर बील और ऑक्सबो लेक, 27.56 लाख हेक्टेयर तालाब और जलाशय, तथा 31.53 लाख हेक्टेयर जलाशयों का नेटवर्क मौजूद है। यह सब भारत में सतत् अंतर्देशीय मात्स्यिकी के विकास के लिए अपार संभावनाएँ प्रदान करता है।

इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने अंतर्देशीय मात्स्यिकी को इस क्षेत्र की रणनीतिक योजना का केंद्र बनाया है। भारत का अंतर्देशीय मात्स्यिकी क्षेत्र राष्ट्रीय मछली उत्पादन का आधार बन चुका है और कुल उत्पादन में 75% का योगदान देता है।

### न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए

**पानीपत**। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी, ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी निरंतर डीलीवरेजिंग पहलों द्वारा समर्थित एक मजबूत क्षमता-वृद्धि के रास्ते पर अग्रसर है। हाल ही में अधिग्रहीत वडराज सीमेंट प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक ऑपरेशंस शुरू करना है। इसके अलावा, कंपनी ने सोनाडीह सीमेंट प्लांट और ओडिशा सीमेंट प्लांट में रेलवे साइडिंग जैसी सभी आंतरिक परियोजनाओं को पूरा करने के बाद, दिसंबर 2025 और मार्च 2027 के बीच चरणों में पूर्वी क्षेत्र में 4 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार की भी शुरुआत की है, जिससे बाजारों की अधिक किफायती और कुशल सेवा संभव होगी। इन सुधारों के साथ, न्युवोको की सीमेंट क्षमता वित्त वर्ष 27 तक 35 एमएमटीपीए तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि "तीव्र मानसून, जीएसटी दरों में कटौती के लिए चैनल एडजस्टमेंट्स और त्योहारों के समय से पहले शुरू होने जैसी कई सारी चुनौतियों के बावजूद, कंपनी प्रीमियमीकरण और ट्रेड मिक्स पर निरंतर ध्यान केंद्रित करके बेहतर प्रदर्शन जारी रखे हुए है। अनुशासित दृष्टिकोण ने कंपनी को दूसरी तिमाही में अब तक का ऑलटाइम हाई कंसोलिडेटेड एबिटिडा हासिल करने में सक्षम बनाया। भविष्य को देखते हुए, हमें अपनी स्ट्रक्चर्ल ग्रोथ की गति पर पूरा भरोसा है। वडराज सीमेंट प्लांट में नवीनीकरण और परियोजना के चालू करने का लक्ष्य निर्धारित समय के अनुसार प्रगति पर है, जिससे पश्चिमी क्षेत्र में हमारी बाजार उपस्थिति बढ़ेगी।"

## एनडीडीवाई परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। जून 2025 को हुई एनडीडीवाई की परीक्षाओं का रिजल्ट गांधी नेशनल अकैडमी आफ नेचरोपैथी, नई दिल्ली ने घोषित कर दिया है।

वरदान नेचुरोपैथी एवं योग इंस्टिट्यूट, चंडीगढ़ के मैनेजिंग डायरेक्टर सुभाष गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इन परीक्षाओं में प्रथम वर्ष में डॉक्टर जसविंदर कौर प्रथम (199/300), दिव्यम छाबड़ा ने द्वितीय (198/300) तथा अर्शदीप कौर ने तृतीय स्थान (195/300) प्राप्त किया है।

द्वितीय वर्ष में आशा देवी ने प्रथम (195/300), कल्पना ने द्वितीय (194/300) तथा परमजीत कौर एवं सौरव ने तृतीय स्थान (180/300)प्राप्त किया है। एनडीडीवाई की फाइनल वर्ष की परीक्षा में नवीन प्रथम (723/1000), ज्योति बाला ने द्वितीय (674/1000) और श्रीमती अनूप गोयल ने तृतीय स्थान (653/1000) प्राप्त किया। सुभाष गोयल ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी और कहा कि वे आगे और लोगों को भी इस क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित करें ताकि दवाइयों पर लोगों का कम से कम खर्च हो और लोग स्वस्थ रहें।

## ई.एस.टी.आई.सी.–2025 का शुभारंभ समारोह और बी.आर.आई.सी.–एन.ए.बी.आई., मोहाली में "डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" प्रतियोगिता का उद्घाटन



**मोहालीः** बी.आर.आई.सी.–राष्ट्रीय कृषि–खाद्य एवं जैव–निर्माण संस्थान (बी.आर.आई.सी.–एन.ए.बी.आई.) ने उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ई.एस.टी.आई.सी.–2025) का शुभारंभ समारोह आयोजित किया और इसी अवसर पर "डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" प्रतियोगिता की शुरुआत की।

ई.एस.टी.आई.सी.–2025 का उद्देश्य भारत एवं विदेशों के वैज्ञानिकों, नवप्रवर्तकों, नीति–निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाना है, ताकि वे नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचार–विमर्श कर सकें और सामूहिक सहयोग से समाधान विकसित करें। यह सम्मेलन 3 a 5 नवम्बर, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के मार्गदर्शन में 13 मंत्रालय और विभाग सहभागिता करेंगे। सम्मेलन में भारत की विभिन्न उपलब्धियों को 11 प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें जैव–निर्माण क्षेत्र का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी.) एवं बी.आर.आई.सी.–एन.ए.बी.आई. द्वारा किया जाएगा।

विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप, ई.एस.टी.आई.सी. ऐसे मंचों और नीतियों, जैसे बायो–ई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करता है, ताकि सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

"डि.ई.एस.आई.जी.एन. फॉर बायो–ई3" एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जो अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित बायो–ई3 नीति के अंतर्गत आरंभ की गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से देशभर के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्थायित्व से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु जैव–प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

'डि.ई.एस.आई.जी.एन.' का अर्थ है — डी – वास्तविक आवश्यकताओं को परिभाषित करना, ई – साक्ष्य को प्राथमिकता देना, एस – डिज़ाइन द्वारा स्थिरता, आई – एकीकरण, जी – बाज़ार तक पहुँच, एन – शुद्ध सकारात्मक प्रभाव। विद्यार्थी 1 नवम्बर, 2025 से माईगव इनोवेट इंडिया पोर्टल पर अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रक्रिया एक वर्ष तक प्रत्येक माह संचालित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा चयनित विचारों को बायोरैक के 'यू–युवा' या 'बायो–नेस्ट' कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शन एवं ऊष्मायन हेतु सहायता दी जाएगी।

## 69वीं पंजाब स्कूल गेम्स; कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने शतरंज और कुराश के राज्य स्तरीय मुकाबलों का किया उद्घाटन

**जालंधर**– पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी, बागवानी और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने आज साईंदास स्कूल, जालंधर में 69वीं पंजाब स्कूल खेलों के शतरंज और कुराश के राज्य स्तरीय मुकाबलों का उद्घाटन किया। जालंधर में शतरंज अंडर-14 (लड़के/लड़कियां) और कुराश अंडर-14, 17, 19 (लड़के) के मुकाबले आयोजित किए जा रहे है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जहां आत्मरक्षा की खेल कुराश के लिए शारीरिक मजबूती जरूरी है, वहीं शतरंज में मानसिक रूप से विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा राज्य में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए है। उन्होंने बताया कि राज्य के खिलाड़ियों को खेलों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 3000 खेल मैदान बनाए जा रहे है।

श्री भगत ने विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पूरे राज्य में 'खेडां वतन पंजाब दीयां' भी आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है।

खेल और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाकर राज्य को 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि 69वीं पंजाब स्कूल खेलों के राज्य स्तरीय शतरंज और कुराश के मुकाबले जालंधर में हो रहे है। उन्होंने बताया कि राज्य के 23 जिलों के खिलाड़ी शतरंज और कुराश के टूर्नामेंट में भाग ले रहे है और इन खिलाड़ियों को जिले में रहने-खाने की हर तरह की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी (स) नेशनल अवार्डी डा. गुरिंदरजीत कौर, उप जिला शिक्षा अधिकारी (स) स्टेट अवार्डी राजीव जोशी, जिला स्पोर्टस को-आर्डीनेटर अमनदीप कौंडल, प्रिंसीपल हरमेश लाल घेड़ा, प्रिंसीपल सुखदेव लाल बब्बर, सुरिंदर कुमार और बलजीत सिंह ढिल्लों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

## विश्व जागृति मिशन, नार्थ जोन मण्डल कार्यकारिणी की बैठक कल

**पंचकुला**- विश्व जागृति मिशन, चंडीगढ़-पंचकुला-मोहाली मण्डल द्वारा विशाल सांस्कृतिक जागरण अभियान मिशन के संस्थापक गुरु सुधांशु जी महाराज के मार्गदर्शन में भव्य विशाल कार्यक्रम सेक्टर 5, पंचकुला स्थित शालीमार ग्राउंड में 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक हो रहा है।

इस सिलसिले मे मीटिंग की जानकारी देते हुए आचार्य कुलदीप पाण्डेय ने बताया कि कल 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक मिशन की नार्थ जोन (चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल) की कार्यकारणी की बैठक शिव धाम आश्रम मोरनी रोड, पंचकुला मे होगी जिसमें कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार योजनाओं पर विचार विमर्श होगा व तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

प्रेस सूचना
**चंडीगढ़ प्रशासन**
**अभियांत्रिकी विभाग**
**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता, विद्युत मंडल सं.3, चंडीगढढ़ द्वारा द्वि बोली प्रणाली में प्रतिशत दर पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम चंडीगढ़, केलोनिवि, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के राज्य लोनिवि और उनके बोर्ड और निगमों में सूचीबद्ध उचित वर्ग की सूचीबद्ध फर्मों से ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके पास इन राज्यों/केंद्र के किसी भी सरकारी विभाग से जारी वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस है। निम्नलिखित कार्य http://www.etenders.chd.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

| निविदा संदर्भ सं. | कार्य का नाम एवं अवस्थिति | निविदा की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ई3/47 डब्ल्यू/138 | यू.टी. चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों में विभिन्न सड़कों पर स्ट्रीट लाइटिंग का रखरखाव (यू.टी. चंडीगढ़ में विद्युत उप मंडल सं. के अधिकार क्षेत्र के तहत जोन-III की सड़कों (विधानसभा पार्किंग से कांसल रोड, खुड्डा अलीशेर से कंसल रोड, लिंक रोड नयागांव से कांसल रोड, गवर्नमेंट प्रेस चौक, जनमार्ग रोड (सेक-16/17/3/4/22/23), सेक्टर-9 पार्किंग और उद्योग पथ स्लिप रोड) पर मौजूदा खराब एलईडी स्ट्रीट लाइट फिटिंग, एलईडी फ्लड लाइट फिटिंग, स्विचगियर, जली हुई केबल, सीमेंट कॉलर की कास्टिंग और अन्य संबद्ध सामानों को बदलना)। | रु. 20,26,2890/– | रु. 40,526/– | 06 माह | 29.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक | 29.10.2025 को अप. 2.30 बजे |

बोलीदाताओं द्वारा विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट http://www.etenders.chd.nic.in/ से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं।

**अधिशासी अभियंता,**
**विद्युत मंडल सं.3,**
**चंडीगढ़**

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा खुली निविदा संख्या 36–अम्बाला/2025–26**
**दिनांक 15.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

**क्र.सं.**: 1. **कार्य का नामः** धुरी में क्रू बुकिंग लॉबी का उन्नयन। **अनुमानित लागत** (Rs): 50,02,016 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,00,100 **कार्य समाप्ति का समयः** 06 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 2. **कार्य का नामः** (i) एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के जेएचएल–एचएसआर खंड पर ब्लॉक संख्या टी–2, टी–3, टी–4, ई–2, ई–10, ई–12 के जेपीएस, ई–4 के जीजेडडब्ल्यू, ई–7, टी–5, ई–12, ई–8, ई–16 के बीएक्ससी, ई–10, टी–4 के डीएनएक्स में स्टाफ क्वार्टरों में भारी छत रिसाव, टूटे दरवाजे और खिड़कियों, प्लास्टरिंग/फिनिशिंग, फर्श और सैनिटरी फिटिंग की मरम्मत और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के खंड में बीएफएन में गैंग संख्या 9 और जीएल 45 के गैंग क्वार्टरों और जेएचएल में गैंग संख्या 1 क्वार्टरों और जीएल क्वार्टरों की भारी मरम्मत। (ii) एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के खंड में डीयूआई–जेएचएल खंड पर बीएसएस, एलएचए में पहुंच पथ और परिसंचारी क्षेत्र की सतह की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 54,45,353 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,08,900 **कार्य समाप्ति का समयः** 08 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 3. **कार्य का नामः** रेलवे कॉलोनी, पटियाला में टी–56, ई–57, ई–54, ई–52 और चिल्ड्रन पार्क के स्टाफ क्वार्टरों में फर्श, प्लास्टर की मरम्मत, छत के रिसाव, टूटे दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, डीओसी में जी–3/6 इकाइयों के स्टाफ क्वार्टरों में प्लास्टर/फिनिशिंग, फर्श और सैनिटरी फिटिंग, एनबीए में टी–5/5 यू एल–21/1 यू, जी–8/10 यू, सीटीडब्ल्यू में टी–5/6 यू और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/पीटीए के अनुभाग में एनबीए अनुभाग में ब्लॉक नंबर टी–5/5 यू, जी–7/10 यू, ई–17/2 यू, एल–21/1 यू के खराब हो चुके सेप्टिक टैंक की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 34,35,635 **अग्रिम राशि** (Rs.): 68,700 **कार्य समाप्ति का समयः** 06 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 4. **कार्य का नामः** सेवा भवन अर्थात टीटीई विश्राम गृह, गार्ड रनिंग रूम, लोको कार्यालय, टीआरडी कार्यालय, पावर केबिन आदि स्टेशन भवन (एमएफबी, डीजेपी, जेयूडीडब्ल्यू, वाईजेयूडी, केएनजेड, एसएसडब्ल्यू, पीकेवाई और एसआरई) में सुधार और एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में विभिन्न स्टेशनों (एमएफबी, डीजेपी, जेयूडीडब्ल्यू, वाईजेयूडी, केएनजेड, एसएसडब्ल्यू, पीकेवाई और एसआरई) पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं सहित न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित लागत** (Rs): 2,16,17,058 **अग्रिम राशि** (Rs.): 2,58,100 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 5. **कार्य का नामः** एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में एसआरई, पीकेवाई, एसएसडब्ल्यू, केएनजेड, वाईजेयूडी, जेयूडीडब्ल्यू, डीजेडपी और एमएफबी स्टेशन पर शेड, प्रतीक्षालय, साइकिल स्टैंड और प्लेटफार्म शेल्टर की स्टील संरचना की मरम्मत और पेंटिंग। **अनुमानित लागत** (Rs): 67,34,092 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,34,700 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 6. **कार्य का नामः** एसआरएच में जैक आर्च छत और रेलवे अस्पताल में पुरानी एस्बेस्टस सीमेंट छत शीटों का प्रतिस्थापन, ओआरएच और रेलवे अस्पताल में पार्किंग का प्रावधान, लॉन और हरे पैच का रखरखाव, एसआरई, वाईजेयूडी और डीजेडपी में वनस्पति को हटाना और सेवा भवनों में अन्य बागवानी कार्य यानी रेलवे क्लब, पीआरएस कार्यालय/दूसरा प्रवेश एसआरई में एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग में कार्य। **अनुमानित लागत** (Rs): 76,15,575 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,52,300 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 7. **कार्य का नामः** एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई अनुभाग में केजेजीवाई में सी एंड डब्ल्यू डिपो, ईएलएस, मेमू कार शेड, नियंत्रण टावर भवन, प्रशिक्षण भवन, एएमएम डिपो आदि में शेड और सेवा भवनों की स्टील संरचना की पेंटिंग, जंग लगी और टपकी हुई छत की चादरों और घाटी नालियों को बदलना और अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत** (Rs): 1,78,22,639 **अग्रिम राशि** (Rs.): 2,39,100 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 8. **कार्य का नामः** (i) एडीईएन/एसआरई के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई के अनुभाग में सहारनपुर में ब्लॉक संख्या ई–43/ए–बी, ई–39, ई–11 (केडब्ल्यूटी), ई–3,84,108,485 122,92,94,95,269,87 आदि में क्षतिग्रस्त लकड़ी और स्टील के दरवाजे, खिड़की, छत, फर्श, प्लास्टर की मरम्मत और स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत। (ii) एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में रेलवे कॉलोनी, जेयूडीडब्ल्यू में सर्विस रोड (स्टोर डिपो से ब्लॉक संख्या 163, चुंगी से कालका कॉलोनी, ब्लॉक संख्या 266 से 262, ऑफिसर लेन, ब्लॉक संख्या 1 से 305 और कॉलोनी गेट से स्टोर डिपो तक) की मरम्मत, स्वच्छता सुविधाएं और जंग लगी पाइप लाइन आदि के प्रतिस्थापन सहित जल आपूर्ति। **अनुमानित लागत** (Rs): 81,18,812 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,62,400 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 9. **कार्य का नामः** 1. फिल्टर प्लांट की ओवरहालिंग, फिल्टर मीडिया की रिकवरी और अवसादन टैंक, ओएच, यूजी जल भंडारण टैंकों की सफाई, कूल्ह की सफाई, कौशल्या, माजरा और पिंजौर से सीआई पाइपलाइन के रिसाव की मरम्मत और एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के खंड में गर्मियों के मौसम में पानी उठाने के लिए कौशिला बेड में पंपों का संचालन। 2. एडीईएन/एसएमएल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के खंड में कूल्ह की मरम्मत, डायवर्जन बिंदु पर रिटेनिंग वॉल, पंप हाउस के पास रिटेनिंग वॉल को ऊपर उठाना, कौशल्या फिल्टर प्लांट में पंप हाउस की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 85,43,344 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,70,900 **कार्य समाप्ति का समयः** 12 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 10. **कार्य का नामः** एडीईएन/एसएमएल के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल अनुभाग में सेवा भवनों और स्टेशन भवनों (एसएचजेड, जेटीओ, टीवीआई, केईजेड और एसएलआर स्टेशन और केबिन) की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 68,31,677 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,36,600 **कार्य समाप्ति का समयः** 09 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

**क्र.सं.**: 11. **कार्य का नामः** लेवल क्रॉसिंग संख्या 79–सी, 76–77–सी, 77 सी/ए, 82–सी–108, 109–सी पर हैंडपंपों की मरम्मत के साथ–साथ बोरवेल के लिए गैन्ट्री की मरम्मत और एडीईएन/बीटीआई के खंड में बीटीआई–डीयूआई खंड पर एसईक्यू, एएलएल, टीएपीए, एचवाईए, बीसीयू, एलएचएम, बीटीआईसी में प्लेटफार्म शेल्टर, वाटर बूथ, शौचालय की मरम्मत। **अनुमानित लागत** (Rs): 68,80,849 **अग्रिम राशि** (Rs.): 1,37,600 **कार्य समाप्ति का समयः** 08 महीने, **निविदा खुलने की तिथिः** 07.11.2025

नोटः 1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3198/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 'हरित दीपावली' के संदेश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए स्वच्छ और हरित दीपावली मनाने के सन्देश के साथ राज्य के विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान आयोजित किए।बोर्ड द्वारा बिलासपुर, कांगड़ा, शिमला, चम्बा, ऊना, सिरमौर, सोलन और हमीरपुर जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बोर्ड की परवाणु स्थित केंद्रीय प्रयोगशाला ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पट्टा मसूलखाना और परवाणु में 'हरित दीपावली' पहल के तहत 'स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए। इस आयोजन में पटाखे फोड़ने के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा थीम पर आधारित नारा लेखन और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।






इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला, पांवटा साहिब ने भी सिरमौर जिला के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय बेचड़ का बाग में 'स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और समुदाय को प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर बनाने, नारा लेखन और भाषण जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को ग्रीन दीपावली के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी कलाकृतियों और भाषणों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिए। प्रधान विज्ञानी डॉ. हितेंद्र कुमार शर्मा ने पटाखों के दुष्प्रभावों पर एक व्याख्यान दिया और सभी से स्वस्थ पर्यावरण के लिए दीपावली मनाने का एक पर्यावरण-अनुकूल तरीका चुनने का आग्रह किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस आयोजन ने युवाओं के मन में पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बीज सफलतापूर्वक बोए। इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घनियारा में भी दीपावली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित दीपावली का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश को दर्शाती एक सुंदर रंगोली बनाई और उसे मिट्टी के दीयों से सजाया। क्षेत्रीय प्रयोगशाला दारी की विज्ञानी सतविंद्र कौर ने अपने सम्बोधन में पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कांग्रेस नेता ने अपने क्षेत्र में तीन सीबीएसई स्कूलों की मांग की



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आज शिमला में मंडी जिला के जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न मांगों पर चर्चा की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा और लड़भड़ोल में सीबीएसई स्कूल खोलने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।जीवन ठाकुर ने इस अवसर पर अपने क्षेत्र के महिला मंडल टिक्करू की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11,000 रुपये का चेक भी मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के योगदान आपदा में जरूरतमंदों की सहायता करने में बहुत मददगार साबित होते हैं।

## 17 अक्तूबर को बिजली बंद

**धर्म्याला।** विद्युत उपमंडल नम्बर 2 धर्मशाला के सहायक अभियन्ता रम्ेय धीमान ने बताया कि विद्युत लाईनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी बगली फीडर के क्षेत्रों नन्दहेड़, पुराना मटौर, घुंडी, बगली, अन्सोली, पटौला, घाना, गंग भैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कन्देरहेड़, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाईन सकोह तथा साथ लगते क्षेत्रों में 17 अक्तूबर को प्रातः 09:00 बजे से ्याम 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 250 केवीए लोअर दाडी ट्रासफॉर्मर के जरूरी रखरखाव के चलते लोअर दाड़ी, जय शिव नगर, वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल दाड़ी के समीप, प्रदुषण नियंत्रण बोड के समीप तथा साथ लगते क्षेत्रों में 17 अक्तूबर को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे या कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## रैत में बनेगा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल : केवल सिंह पठानिया

- **मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का जताया आभार, कहा .....शाहपुर के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा यह स्कूल**

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैत में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि विद्यालय के निर्माण पर लगभग 5 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है। इन मॉडल डे बोर्डिंग स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, इनडोर स्टेडियम और खेल के मैदान जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। विधायक पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिल रही है। उन्होंने दोनों का आभार जताते हुए कहा कि रैत में इस स्कूल की स्थापना से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा का अवसर मिलेगा। विधायक पठानिया ने भावुक होकर कहा कि मैं स्वयं इसी स्कूल से पढ़ा हूं, इसलिए रैत में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की स्थापना मेरे लिए गर्व का विषय है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह स्कूल शाहपुर के बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाएगा।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साक्षात्कार 28 से 30 अक्तूबर को रैत में होंगे आयोजित

- **शाहपुर, कांगडा व धर्मशाला उपमंडल की कुछ पंचायतों के लिये आवेदन 25 अक्तूबर तक**

**धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना अधिकारी रैत ने सूचित किया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाडी सहायिका के रिक्त पदों की भरने के लिए उप मण्डल शाहपुर, उप मण्डल कांगडा व उप मण्डल धर्मशाला के 14, 15 और 16 अक्तूबर को होने वाले साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब मण्डल शाहपुर के अन्तर्गत रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार 28 अक्तूबर को, उप मण्डल कांगडा के अन्तर्गत रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार 29 अक्तूबर को तथा उप मण्डल धर्मशाला के रिक्त पदों को भरनें के लिए साक्षात्कार 30 अक्तूबर को बाल विकास परियोजना अधिकारी रैत के कार्यालय में प्रातः 10 बजे होंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी सूचित किया है कि कुछ आंगनवाडी केद्रों में तीन से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण या एक भी आवेदन नहीं प्राप्त होने के कारण रिक्त पदों को भरने के लिए के लिए पुनः आवेदन आंमत्रित किए गये हैं।उन्होंने बताया कि शाहपुर उपमंडल के तहत मुंदला, नेरटी, क्यारी, मंझग्रां, रिछ्यालू और तत्वानी जबकि कांगड़ा उपमंडल के तहत सनौरा, भरूपलाहड तथा धर्मशाला उपमंडल के तहत लांझणी के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिये आवेदन पुनः आमंत्रित किए गये हैं। इन पदों के लिए शाहपुर उपमंडल का साक्षात्कार 28 अक्तूबर को, कांगड़ा उपमंडल को साक्षात्कार 29 अक्तूबर को तथा धर्मशाला उपमंडल का साक्षात्कार 30 अक्तूबर को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय रैत में प्रातः 10 होंगे। इनके लिऐ आवेदन 25 अक्तूबर, 2025 तक किसी भी कार्यदिवस को बाल विकास परियोजना अधिकरी कार्यालय रैत में जमा करवाये जा सकते हैं। इसके लिए प्रार्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रार्थी के परिवार की सालाना आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# चमियाणा और टांडा के बाद आईजीएमसी शिमला में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी: मुख्यमंत्री




**शिमला।** एआइएमएसएस चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत के बाद राज्य सरकार शीघ्र ही आईजीएमसी शिमला में यह सुविधा उपलब्ध करवाने जा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां बुधवार सांय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आईजीएमसी शिमला में कमला नेहरू अस्पताल के मरीजों की रोबोटिक सर्जरी के लिए 40 बेड आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश के अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनरी उपलब्ध करवा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आईजीएमसी में गाइनी की रोबोटिक सर्जरी शुरू की जाए। बैठक में गाइनी की रोबोटिक सर्जरी से जुड़े अनेक अन्य निर्णय भी लिए गए। उन्होंने कहा कि केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जरी के अलावा आईजीएमसी में इलेक्टिव सर्जरी भी करेंगे। उन्होंने कहा कि केएनएच प्रशासन रोबोटिक व इलेक्टिव सर्जरी के लिए आईजीएमसी में डॉक्टरों की टीम तैनात करेगा ताकि दोनों जगह महिला रोगियों को सुगम इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में रोबोटिक व इलेक्टिव सर्जरी का तीन माह तक ट्रायल आधार पर प्रयोग किया जाएगा। इसके बाद समीक्षा कर आगामी बदलाव किए जा सकते हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 25 करोड़ रुपये की लागत से आईजीएमसी में डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जा रही है। कॉलेज प्रशासन को इसके लिए राशि जारी कर दी गई है। इसमें टेस्ट शुरू होने के बाद केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी महिला रोगियों के उपचार में काफी लाभ होगा। बैठक में सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा राकेश शर्मा तथा कमला नेहरू अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने युवाओं से अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में मॉडल संयुक्त राष्ट्र एवं युवा संसद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है तथा इन युवाओं की रचनात्मकता और ऊर्जा इसे निकट भविष्य में एक विकसित देश का रूप प्रदान करेगी। इस संगोष्ठी का आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भारत/2047 पहल के अंतर्गत किया गया। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। इससे उन्हें वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य की दिशा में सार्थक योगदान करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने इस बात की सराहना की कि विद्यार्थी अपनी संस्कृति को जीवंत रखते हुए राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं।यह सांस्कृतिक जागरूकता हमारे लोकतंत्र की आत्मा और भारत की वास्तविक पहचान है। राज्यपाल ने जेन-जेड के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं का अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कुल्लू दशहरा और अन्य धार्मिक उत्सवों जैसे आयोजनों के दौरान इन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को स्वयं देखा है। कुल्लू दशहरा में युवा श्रद्धालु भगवान रघुनाथ के रथ को अपार श्रद्धा के साथ खींचते हैं, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके अटूट सम्मान को दर्शाता है। युवाओं में ऐसी भावना और समर्पण भारत को एक बार फिर विश्व गुरु के रूप में उभरने में मदद करेगा।उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। हिमाचल के युवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे प्रदेश की सादगी, ईमानदारी और मानवता को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी ऊर्जा संघर्ष में न लगाकर राष्ट्र निर्माण में लगाएं। विश्वविद्यालयों में हिंसात्मक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने छात्र संगठनों का आह्वान किया कि शारीरिक संघर्षों के बजाय वे वैचारिक संघर्ष में शामिल हों। शैक्षणिक वातावरण को बाधित करने से किसी को कोई लाभ नहीं होता, इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा राष्ट्र विकास में लगानी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत के ऊर्जावान युवा इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श करेंगे और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देंगे। विचारों की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए, श्री शुक्ला ने कहा कि यही लोकतंत्र की असली ताकत है।

# स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देना आवश्यक : राहुल जैन

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं परियोजना निदेशक ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण राहुल जैन ने कहा कि स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने में ऐसे महोत्सव अहम भूमिका निभाते हैं। राहुल जैन आज यहां ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण सोलन द्वारा 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'ग्रामीण स्वाद महोत्सव' को सम्बोधित कर रहे थे। राहुल जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी उम्र के लोगों के तरह-तरह के पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य समुदाय में कुपोषण की दर को कम करना, स्वस्थ आदतों व परम्परागत पौष्टिक व्यंजनों का



समावेश करना एवं बच्चों में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ाना है।ज़िला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पदम देव शर्मा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय पोषण माह के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान सोलन की किरण कश्यप ने इस अवसर पर संस्थान द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षणों की जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित विभिन्न स्वयं सहायता समूह द्वारा पारम्परिक व्यंजनों पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें सोलन खण्ड प्रथम, कण्डाघाट खण्ड द्वितीय तथा धर्मपुर खण्ड तृतीय स्थान पर रहीं। ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिन्द्र राणा, राजस्व तहसीलदार भूमिका जैन, ज़िला कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका शर्मा सहित ज़िला की विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं व अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में 100 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम पर किया जाएगा संचालित : रोहित ठाकुर

## पाईनग्रोव स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। रोहित ठाकुर आज कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर स्थित पाईनग्रोव स्कूल द्वारा वार्षिक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ-साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा।रोहित ठाकुर ने कहा कि पाईनग्रोव निसंदेह ही देश के बेहतरीन विद्यालयों में शामिल है। उन्होंने कहा कि



पाईनग्रोव स्कूल छात्रों के समग्र विकास पर बल दे रहा है। स्कूल के छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, कला, संगीत, वाद-विवाद और नेतृत्व प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए पाईनग्रोव स्कूल की पहल की सराहना भी की।

रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। आज प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवा चुका है। प्रदेश ने आज 07 प्रतिशत साक्षरता से 99.30 प्रतिशत साक्षरता के गौरवपूर्ण मील के पत्थर को हासिल कर लिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में राज्य सरकार बदलाव ला रही है। सरकार ने कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर किया है, जिसके कारण शिक्षा में वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर पहुंच चुका हिमाचल प्रदेश आज 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रगतियां केवल आंकड़े नहीं हैं, यह प्रदेश को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र में बदलने के लिए सरकार के दृष्टिकोण का मूर्त रूप हैं।

रोहित ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि पाईनग्रोव स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस विद्यालय में से शिक्षा ग्रहण कर चुके विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। पाईनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन ए.जे. सिंह ने शिक्षा मंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।मेजर जनरल विनीत गौड, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) के निदेशक भीम सिंह जौहटा, पाईनग्रोव स्कूल के प्रशासन की निदेशक समीक्षा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, पाईनग्रोव स्कूल के अध्यापक व छात्र उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिए करें सहयोग : मनमोहन शर्मा

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सामाजिक-आर्थिक आंकड़े एकत्र करने के लिए 80वां राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) जून, 2026 तक ज़िला सोलन में आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और अनुसंधान के लिए विश्वसनीय सांख्यिकी डेटा उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि 80वां राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण पर केन्द्रीत है। उपायुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य यात्रा के प्रकार, यात्रा के तरीके, ठहरने के प्रकार, गंतव्य, बुक की गई यात्रा सेवाएं, घरेलू पर्यटन पर यात्रा व्यय, आंगुतकों की विशेषताओं, यात्रा का उद्देश्य और घेरलू यात्राओं के संबंध में यात्रा विशेषताओं पर जानकारी एकत्रित करना है। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण पर्यटन उपग्रह खाता (टीएसए) तैयार करने के लिए आवश्यक है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह सर्वेक्षण पर्यटन को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे को विकसित करने में सहयोगी होगा। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य को ज़िला सांख्यिकी कार्यालय सोलन के कर्मचारियों से प्रशिक्षित सर्वेक्षण दल प्रतिदर्श आधार पर चयनित घरों का दौरा करेंगे। दल के सदस्य टैब एप्लकेशन पर ई-सिग्मा सॉफ्टवेयर (सीएपीआई मोड) की सहायता से घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण की प्रामणिकता के लिए टीम के सदस्य आधिकारिक पहचान पत्र और प्राधिकरण पत्र साथ रखेंगे।

मनमोहन शर्मा ने ज़िला सोलन के सभी नागरिकों से अपील की है कि सटीक जानकारी प्रदान कर सर्वेक्षण टीमों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि एकत्रित डेटा पूर्णतया गोपनीय होगा, इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सत्यापन के लिए सांख्यिकी अधिकारी सोलन के कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-223740 तथा ईमेल dso-sol-hp@nic.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता।समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25, स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नं: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109(हरियाणा)। मो.: 9915606900, email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

# केन विलियमसन लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़े

### आईपीएल 2026 से पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ, एजेंसी।** केन विलियमसन इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स में रणनीतिक सलाहकार के रूप में शामिल हो गए हैं, टीम के मालिक संजीव गोयनका ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। फ्रैंचाइजी के मालिक गोयनका ने 35 वर्षीय पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान के बारे में लिखा, उनका नेतृत्व, रणनीतिक अंतर्दृष्टि, खेल की गहरी समझ और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें टीम के लिए एक अमूल्य योगदान बनाती है। विलियमसन, जो एसए 20 लीग में डरबन टीम के साथ रहते हुए सुपर जायंट्स फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे हैं, ने आखिरी बार इस साल



मार्च में दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के लिए खेला था। उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है, लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ एक आकस्मिक अनुबंध होने के कारण, उनके खेलने की संभावना कम ही है। आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद विलियमसन को पिछले दो सीजन में एक खिलाड़ी के रूप में कुछ खास करने को नहीं मिला है। आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलते हुए उन्हें सीजन के पहले मैच में घुटने में चोट लग गई और फिर वे प्रतियोगिता में आगे नहीं खेल पाए। आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटन्स के साथ रहते हुए, उन्होंने केवल दो मैच खेले और 27 गेंदों में 27 रन बनाए।

## पाकिस्तानी टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंच गया फैन, बाबर आजम से मिलने के लिए तोड़ी सिक्योरिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने 93 रनों से जीत हासिल की. पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 277 रनों का टारगेट दिया, लेकिन उसकी पूरी टीम दूसरी इनिंग्स में 183 रनों पर सिमट गई. पाकिस्तानी टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम का 15 अक्टूबर (बुधवार) को 31वां जन्मदिन भी था, ऐसे में ये जीत उनके लिए किसी तोहफे से कम नहीं रही. पाकिस्तानी टीम की जीत के जश्न के बीच गद्दाफी स्टेडियम में हुई अप्रत्याशित घटना ने सबको चौंका दिया.

## नेपाल और ओमान ने टी20 विश्व कप 2026 में जगह बनाई

**मस्कट, एजेंसी।** नेपाल और ओमान ने एशिया/पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह बना ली है। यूएई की समोआ पर जीत के साथ ही नेपाल और ओमान की विश्व कप में जगह सुनिश्चित हो गई। ग्रुप चरण में अपराजित नेपाल ने सुपर सिक्स में दो अंक हासिल किए और यूएई और कतर के खिलाफ दो अंतिम गेंद



वाले रोमांचक मुकाबले जीते। एक दिन बाद, रोहित पौडेल की टीम ने एक और शानदार प्रदर्शन किया। 148 रनों का बचाव करते हुए, नेपाल मुकाबले से बाहर लग रहा था क्योंकि कतर 12 ओवर में 97/1 पर पहुँच गया था, लेकिन संदीप लामिछाने के 5–18 के शानदार स्पेल ने कहानी पलट दी। लेग स्पिनर की धारदार गेंदबाजी ने कतर को 10 रनों से हरा दिया, जिससे नेपाल को एक यादगार जीत मिली और 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ओमान ने नेपाल की निरंतरता को दोहराया, सुपर सिक्स चरण में भी दो अंक हासिल किए। उन्होंने कतर के खिलाफ 172 रनों का आराम से बचाव किया और फिर यूएई के खिलाफ एक कड़ा मुकाबला जीता। इस बीच, समोआ पर शानदार जीत के बाद यूएई अंतिम क्वालिफिकेशन स्थान के लिए दावेदारी में बना हुआ है, जिससे उसे 16 अक्टूबर को जापान के खिलाफ एक अहम मुकाबले में जगह बनाने में मदद मिलेगी। अमीराती टीम फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि कतर के पास अभी भी एक मौका है। उसे समोआ को हराना होगा, अन्य परिणामों की उम्मीद करनी होगी, और नेट रन रेट के आधार पर प्रतियोगिता में आगे निकलना होगा। ग्रुप चरण में पापुआ न्यू गिनी को हराने के बावजूद, समोआ लगातार हार के बाद बाहर हो गया है।

### रोहित शर्मा के निशाने पर शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रच सकते हैं इतिहास

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अपने जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज शाहिद अफरीदी, जो दुनिया भर में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे, अब भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के निशाने पर हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 से 25 अक्टूबर तक होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरेंगे। यदि वे इस सीरीज में 8 छक्के लगा देते हैं, तो वे शाहिद अफरीदी के लंबे समय से कायम रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में 273 मैचों की 265 पारियों में 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 264 रनों की शानदार पारी भी शामिल है। उनके नाम 32 शतक और 58 अर्धशतक हैं। रोहित ने 1,045 चौके और 344 छक्के जड़े हैं, जिसके साथ वे वर्तमान में वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में शाहिद अफरीदी के बाद दूसरे स्थान पर हैं। रोहित ने अपने करियर में तीन दोहरे शतक भी बनाए हैं, जो अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड है। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने 398 वनडे मैचों की 369 पारियों में 8,064 रन बनाए। उनके खाते में 6 शतक, 39 अर्धशतक, 730 चौके और 351 छक्के दर्ज हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का बल्ला चला तो पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर का यह रिकॉर्ड ध्वस्त हो सकता है। भारतीय फैंस भी चाहेंगे कि रोहित इस दौरे पर पाकिस्तानी क्रिकेटर का रिकॉर्ड ध्वस्त कर शीर्ष पर पहुंचे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह वनडे सीरीज 19 अक्टूबर को पर्थ



स्टेडियम में पहले मैच के साथ शुरू होगी। इसके बाद 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल में दूसरा और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तीसरा और अंतिम वनडे खेला जाएगा। इस बार भारतीय टीम नए वनडे कप्तान शुभमन गिल के युवा नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उतरेगी। गिल, जो अब तक टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे थे, अब वनडे टीम की कमान भी संभालेंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली की करीब छह महीने बाद वनडे टीम में वापसी से भारतीय टीम को मजबूती मिली है। इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम का संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ा है। बता दें कि आगामी सीरीज रोहित शर्मा के लिए न केवल एक रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है, बल्कि भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर अपनी बादशाहत साबित करने का भी अवसर है।

# वैभव सूर्यवंशी बुरी तरह फ्लॉप

### ईशान किशन ने ठोकी सेंचुरी, पहले दिन मोहम्मद शमी भी चमके



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के मुकाबले शुरू हो गए हैं. पहला दिन अधिकांश टीमों के बल्लेबाजों के लिए कठिन रहा, लेकिन ईशान किशन ने शतक लगाया, देवदत्त पडिक्कल सिर्फ 4 रन से शतक से चूक गए. वहीं इंग्लैंड टूर पर फेल रहे करुण नायर ने 73 रनों की पारी खेली. इसी बीच सबकी नजरें 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर भी थीं, जिन्हें सीजन शुरू होने से पूर्व बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया था. वो सीजन के पहले मैच में सिर्फ 14 रन बनाकर आउट हो गए.

### ईशान किशन का शतक

तमिलनाडु के खिलाफ मैच में झारखंड ने बल्लेबाजी में दम दिखाया. झारखंड की टीम पहले दिन 6 विकेट खो कर 307 रन बना चुकी है. उनकी टीम 157 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन किशन ने कप्तानी पारी खेलते हुए 125 रन बनाए और वो अब भी क्रीज पर डटे हुए हैं. मोहम्मद शमी भी बंगाल के लिए खेल रहे हैं, जिन्होंने उत्तराखंड के खिलाफ मैच में 14.5 ओवरों में 37 रन देकर 3 विकेट चटकाए. बताते चलें कि शमी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं.

### वैभव सूर्यवंशी हुए फ्लॉप

बिहार के गेंदबाजों ने अरुणाचल प्रदेश की पहली पारी सिर्फ 105 रन के स्कोर पर समेट दी थी. बिहार के लिए शाकिब हुसैन ने 6 विकेट झटके. बिहार के लिए वैभव सूर्यवंशी और अर्णव किशोर ओपनिंग करने आए. वैभव ने शुरुआत में ही ऐसे बल्ला घुमाया, जैसे वो कोई टी20 मैच खेल रहे हों. वो सिर्फ 4 गेंदों में 14 रन बना चुके थे, लेकिन यब निया की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए. सूर्यवंशी चाहे जल्दी आउट हो गए हों, लेकिन बिहार मजबूत स्थिति में पहुंच गई है. अर्णव किशोर ने 52 रन बनाए, जबकि आयुष लोहारुका 155 रन बनाकर खेल रहे हैं, दूसरी ओर कप्तान साकिबुल गनी 56 रन बनाकर नाबाद लौटे. पहले दिन स्टंप्स तक बिहार 2 विकेट के नुकसान पर 283 रन बना चुकी है और उसकी कुल बढ़त 178 रनों की हो गई है.

### टेबल टेनिस

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चीन का दबदबा, पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने एशियाई टेबल टेनिस में अपना दबदबा फिर साबित करते हुए पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीत लिए। पुरुष टीम ने हांगकांग को 3-0 से हराया जबकि महिला टीम ने जापान को 3-0 से मात दी। चीन ने एशियाई टेबल टेनिस में अपना दबदबा फिर साबित करते हुए पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीत लिए। पुरुष टीम ने हांगकांग को 3-0 से हराया जबकि महिला टीम ने जापान को 3-0 से मात दी। महिला वर्ग में पहले मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मानयु ने 11वीं रैंकिंग वाली होनोका हाशिमोतो को 12-10, 11-3, 11-6, 11-3 से हराया। अगले मैच में सुन यिंगशा ने मीवा हारिमोतो को 11-9, 11-5, 11-7 से मात दी। आखिरी मैच में कुआइ मान ने जापान की हिना हयाता को 8-11, 12-10, 11-6, 11-9 से शिकस्त दी।

**उत्तर रेलवे**

**संशोधन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक/एफएस, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल द्वारा IREPS वेबसाइट पर ई–टेंडर (वर्क्स) के माध्यम से कार्य ''गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास एवं प्रबंधन'' (GCT नीति के अंतर्गत), मलौट रेलवे स्टेशन के निकट–आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर – हेतु संशोधन जारी किया गया है।

| क्र.सं. | सूचना | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना एवं तिथि | UMB-GCT-SCII-MOT-01-25/23.09.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | GCT नीति के अंतर्गत मालौत रेलवे स्टेशन के निकट – आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर–गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास एवं प्रबंधन। |
| 3 | संशोधन संख्या | 1 |
| 4 | निविदा की आखिरी तिथि एवं समय (पूर्व) | 24.10.2025, 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की आखिरी तिथि एवं समय (नई) | 14.11.2025, 15:00 बजे तक |
| 6 | बोली प्रारंभ तिथि (पूर्व) | 10.10.2025 |
| 7 | बोली प्रारंभ तिथि (नई) | 31.10.2025 |

जारी किए गए इस संशोधन से संबंधित अन्य जानकारी हेतु इच्छुक निवेदक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जा सकते हैं।

3189/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### डेनमार्क ओपन 2025:

## लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग ने प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पुरुषों की डबल्स जोड़ी सात्विकसायराज रंकीरेड्डी–चिराग शेट्टी ने डेनमार्क ओपन 2025 के प्री–क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन ने आयरलैंड के नाथ गुयेन को 10–21, 21–8, 21–18 से हराया, जबकि सात्विक–चिराग ने स्कॉटलैंड की जोड़ी क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमली को 17–21, 21–11, 21–17 से मात दी। लक्ष्य सेन, जो पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट हैं, ने पहले गेम में धीमी शुरुआत की और 10–21 से हार गए। लेकिन दूसरे



गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए केवल 8 पॉइंट्स गंवाए और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन लक्ष्य सेन ने अपने आत्मविश्वास का परिचय देते हुए मैच अपने नाम किया। यह लक्ष्य सेन की नाथ गुयेन के खिलाफ चौथे मैचों में से तीसरी जीत है। पुरुषों की डबल्स में, छठे सीड सात्विक–चिराग ने पहले गेम में हार के बावजूद दूसरे गेम में वापसी की और निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन कर प्री–क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम प्रस्तावित

### 26 नवंबर को होगा फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वह 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में अनुशंसा करेगा। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्तावित शहर के रूप में सिफारिश की है। अब इस पर अंतिम फैसला 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स जनरल असेंबली में लिया जाएगा।

### अहमदाबाद को मिला समर्थन

भारत को इस बार मेजबानी के लिए नाइजीरिया से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स ने नाइजीरिया की भविष्य की मेजबानी की संभावनाओं को बढ़ाने और उन्हें समर्थन देने की रणनीति बनाने का निर्णय लिया है, जिसमें 2034 के खेलों की संभावित मेजबानी भी शामिल है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वह 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में अनुशंसा करेगा। गुजरात का अहमदाबाद अब कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की पूरी सदस्यता के समक्ष पेश किया जाएगा और अंतिम निर्णय 26 नवंबर को लिया जाएगा।

## वेक्टर एक्स बना आईएसबीए वीमेंस ब्लाइंड फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का एथलीट किट पार्टनर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स ब्रांड, वेक्टर एक्स ने समावेशी खेलों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन (आईबीएफएफ) के साथ साझेदारी की है। कंपनी आईएसबीए वीमेंस ब्लाइंड फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 के लिए अब आधिकारिक एथलीट किट पार्टनर है। इस साझेदारी को खास बनाता है वेक्टर एक्स का आईबीएफएफ के साथ चल रहा सहयोग, जिसके तहत कंपनी ने साउंड बॉल तैयार की है। यह एक ऐसी अनोखी फुटबॉल है, जो विशेष रूप से दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए बनाई गई है। इस बॉल में आवाज़ वाले उपकरण और लो–बाउंस ब्लैडर लगाए गए हैं, जिससे खिलाड़ी गेंद की आवाज़ के जरिए खेल को समझ और नियंत्रित कर सकते हैं। इस नवाचार ने देशभर के दृष्टिबाधित फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक सुलभ और रोमांचक बना दिया है। वर्ष 2016 में स्थापित आईबीएफएफ भारत में ब्लाइंड फुटबॉल की राष्ट्रीय शासी संस्था है और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत काम करती है। इस संस्था ने देश के 24 राज्यों में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में अहम् भूमिका निभाई है और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-30-2025 | सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 1275 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.10.25 15:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-31-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Mix-31-2025 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन (मुख्य साइड) पर कुल 8652.70 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 23.10.25 12:00:00 |
| | 5 | UMB-Parkg-18-25 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 24.10.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-32-2025 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2610.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यापक पार्किंग का आवंटन। | 29.10.25 12:00:00 |
| | 7 | UMB-Mix-32-2025 | ई–रिक्शा/थ्री व्हीलर (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), टू व्हीलर पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), फोर व्हीलर पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए क्षेत्र के व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकारों का आवंटन, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन (डिवीजन अंबाला) के स्थान द्वितीय प्रवेश (पंचकूला साइड) पर कुल 11,326 वर्ग मीटर क्षेत्र का पार्किंग स्थल | 29.10.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 8 | UMB-Mix-31-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के PF नंबर 1 पर विशेष लघु खानपान इकाई (आकार 10′x6′) का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 9 | UMB-Mix-31-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन के PF संख्या 1 पर 10′x6′ आकार की विशेष लघु खानपान इकाई (स्टॉल) का आवंटन | 23.10.25 12:00:00 |
| | 10 | UMB-Mix-31-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12 | 23.10.25 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3197/25

## न्यूज डायरी

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के बच्चों संग मनाई दीपावली



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने दिवाली पर इस बार खास पहल शुरू की है।उन्होंने फरीदाबाद जिले के 28 सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चों को 15 हजार देसी घी के लड्डू वितरित कर खुशियों की सौगात दी।

इस अवसर पर श्री विपुल गोयल ने कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी है, जब समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटी जाएं। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उत्सव है। उन्होंने कामना की कि आने वाला दिवाली का त्योहार प्रदेश व देश के लोगों के जीवन में खुशियाँ ले कर आए।

कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है और इस सपने को पूरा करने में बच्चे भविष्य के भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भारत का विकास उनके प्रयासों से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन समाज की भागीदारी से यह अभियान और मजबूत होगा। उन्होंने शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वच्छ दिवाली, हरित दिवाली का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के साथ दीपक भी जलाए।

इस पहल की अभिभावकों ने सराहना की और कहा कि श्री विपुल गोयल का यह कदम बच्चों में आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना बढ़ाने वाला है। वहीं शिक्षकों ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सरकारी स्कूल के बच्चों की यह दिवाली यादगार बना दी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्तमान हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे शिरकत

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, पहलों और जनकल्याण को प्रतिबद्ध रोडमैप को सांझा करेंगे।

इस संबंध में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आज उच्च स्तरीय बैठक कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जिला उपायुक्तों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम के दौरान पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को विकास अनुदान ग्रांट वितरित करेंगे और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 (चरण-II) के अंतर्गत लाभार्थियों को भूखंड आवंटन पत्र सौंपेंगे।

मुख्य सचिव ने राज्य और जिला स्तर पर सुचारू व्यवस्था, व्यापक जनभागीदारी और सरकार की उपलब्धियों का समुचित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभागों को सुरक्षा, जन-सम्पर्क और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं के लिए प्रभावी समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर कॉफी टेबल बुक/पुस्तिका का भी विमोचन किया जाएगा। बैठक में हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव, श्री मोहम्मद शाइन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, डॉ. साकेत कुमार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक श्री पंकज, कार्मिक, प्रशिक्षण एवं संसदीय मामले विभाग के विशेष सचिव डॉ. आदित्य दहिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## छठ पूजा से पहले यमुना की स्वच्छता का संकल्प

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आगामी छठ पूजा पर्व के मद्देनज़र हरियाणा सरकार ने यमुना नदी की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी तैयारियों को और तेज़ कर दिया है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आज यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागों के बीच समन्वय को और प्रभावी बनाने, प्रदूषण नियंत्रण के कठोर उपाय लागू करने और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के निर्देश दिए। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यमुना और उसकी सहायक नदियों के तटों पर पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्य सचिव ने यमुना कैचमेंट एरिया में स्थित सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एस.टी.पी.) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सी.ई.टी.पी.) की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यकारी अभियंताओं को 28 अक्तूबर, 2025 तक इन प्लांट्स के संचालन की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने के आदेश दिए ताकि कोई भी खराबी आने पर इसे तुरन्त ठीक किया जा सके और सभी संयंत्र निर्धारित पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करें।

इसकी निरंतर निगरानी के लिए कनिष्ठ अभियंता और उपमंडल अभियंताओं को तैनात किया गया है, जबकि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को विशेष फ्लाइंग स्क्वॉड गठित कर आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माणाधीन और कार्यरत, सभी संयंत्रों की सूची तैयार कर आगामी कार्ययोजना बनाई जाए और परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि राज्य सरकार यमुना को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदी प्रणाली न केवल पर्यावरणीय आवश्यकता है, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी भी है। छठ पूजा इस दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने का उपयुक्त अवसर है।

# अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पम्प हाउस को बिजली की हॉटलाइन से जोड़ने की मंजूरी मिली - ऊर्जा मंत्री अनिल विज

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पंप हाउस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिशित करने के लिए पंप हाउस को हॉटलाइन से जोड़ने के लिए मंजूरी मिल गई है और जल्द ही पंप हाउस को हॉटलाइन से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, आगामी 15 नवंबर से टांगरी नदी में मिटटी/सिल्ट इत्यादि की निकालने का कार्य आरंभ किया जाएगा।

श्री विज आज अम्बाला छावनी में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया की दीवार बनाने के कार्य का टेंडर हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में पारित किया जाएगा और उसके पश्चात दीवार निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा ताकि इंडस्ट्रियल एरिया का पानी से बचाव किया जा सके।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को टांगरी नदी में मिट्टी/सिल्ट निकालने का कार्य 15 नवंबर तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नदी को चंदपुरा से लेकर कोटकछुआ तक गहरा किया जाएगा जिससे बरसाती पानी की निकासी और बेहतर होगी। उन्होंने टांगरी नदी पर तीन स्थानों पर काजवे निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ कर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, श्री विज द्वारा संबंधित अधिकारियों को रामगढ़ माजरा गांव से टांगरी नदी में पानी लिफ्ट करने हेतु पंप लगाने के भी निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि नदी को गहरा करने का कार्य इसी वर्ष प्रारंभ कर दिया गया था, मगर बरसातों की वजह से इसे बीच में ही रोकना पड़ा था।



### ऊर्जा मंत्री ने शहीदी स्मारक में निर्माण कार्य एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में निर्माण कार्य को एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए तथा शेष कार्य जल्द पूरा करने को भी कहा। उन्होंने शहीदी स्मारक के कार्य से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। साइंस म्यूजिक के संबंध में अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बताया कि साइंस म्यूजियम का टेंडर शुक्रवार 17 अक्टूबर को अलॉट होगा जिसके बाद इसके निर्माण का कार्य आरंभ किया जाएगा। मंत्री अनिल विज ने मच्छौंडा आरओबी निर्माण कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ टांगरी नदी बांध रोड का निर्माण कार्य भी जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद को महेशनगर में बब्याल रोड के शेष हिस्से पर सीवरेज जल्द से जल्द डालने के निर्देश दिए ताकि शेष रोड का निर्माण पूरा किया जा सके।

डेयरियां शहर से बाहर ले जाने के लिए ब्राह्मण माजरा में जल्द बनाया जाए डेयरी काम्पलेक्स

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी शहरी क्षेत्र से डेयरियों को बाहर करने के लिए ब्राह्मण माजरा में डेयरी काम्पलेक्स का कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश नगर परिषद अधिकारियों को दिए। इसके अलावा, उन्होंने मल्टीलेवल पार्किंग में लिफ्ट लगाने के कार्य को जल्द पूरा करने, दीवाली से पहले खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने, स्टेडियम के समक्ष फुटबाल चौक का निर्माण कार्य प्रारंभ करने, बस क्यू शेल्टरों का निर्माण करने के साथ-साथ पंखे लगाने की मजबूत व्यवस्था करने, उगाड़ा-बाड़ा में खाली भूमि पर गौशाला स्थापित करने व अन्य दिशा-निर्देश दिए।

इसी प्रकार, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सड़कों से ट्रांसफार्मर हटाने, सदर बाजार में अंडरग्राउंड बिजली की खराब तारों को आधुनिक मशीन के माध्यम से बदलने, टांगरी बांध रोड से 11 केवी लाइन के पोल शिफट करने एवं अन्य दिशा-निर्देश दिए।

# 'हर घर स्वदेशी' के संदेश के साथ गूंजा सेक्टर-20 का कम्युनिटी सेंटर



हिन्द जनपथ
**पंचकूला (ब्यूरो)।** "स्वदेशी लाओ, विदेशी भगाओ" के नारे के साथ स्वदेशी दीपावली मेला 2025 का आज सेक्टर-20 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन (सामुदायिक केंद्र) में भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन नगर निगम पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने किया। विशिष्ठ अतिथि पंचकूला नगर निगम आयुक्त आरके सिंह और हरियाणा स्वदेशी जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल रहे। कुलभूषण गोयल और आरके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह मेला 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। आयोजन नगर निगम पंचकूला द्वारा स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर निगम के पार्षदों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मेले में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बच्चों के खेल, स्वादिष्ट खानपान स्टॉल और झूले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। देश में बने वस्त्र, हस्तशिल्प, गृह-उपयोगी सामग्री, मिठाइयां, दीये, खिलौने और अन्य स्वदेशी वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं, जिनसे स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा मिल रहा है।

इस अवसर पर महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को बल देता है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सच्चा कदम है। हमें गर्व होना चाहिए कि हमारे देश में हर वस्तु बनाने की क्षमता है।

आयुक्त आरके सिंह ने कहा कि स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को जागरुक करना बहुत जरुरी है। इसलिए मेले में स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से बढ़चढ़ कर मेले में आने की अपील की।

जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों में ऐसे स्वदेशी मेले आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिक "बाजार से विदेशी नहीं, स्वदेशी सामान ही खरीदें" का संकल्प लें। मेले में पंचकूला व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उमड़े। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां, पारंपरिक झाँकियाँ और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की कि इस दिवाली "स्वदेशी वस्त्र, स्वदेशी कारोबार – यही हो हर घर का नारा" को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अपना योगदान दें।

## नव नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों को वेतन का मामला

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों को कॉमन कैडर के अंतर्गत नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों का वेतन समय पर जारी करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। ये कर्मचारी विज्ञापन संख्या 01/2023 के माध्यम से चयनित हुए थे, जिन्होंने 28 अगस्त, 2025 या उसके बाद विभिन्न विभागों में कार्यभार ग्रहण किया है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया गया है कि 28 अगस्त, 2025 के नियुक्ति आदेशों के अनुसार विभिन्न विभागों में ज्वाइन करने वाले कुछ नव नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों को अब तक वेतन नहीं मिला है। सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी लंबित वेतन उनकी जॉइनिंग की वास्तविक तिथि से तत्काल जारी किए जाएं, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी न हो।

गौरतलब है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इन कर्मचारियों की अनुशंसा 2 जुलाई, 2025 को की गई थी, जिसके पश्चात उन्हें विभिन्न विभागों में कॉमन कैडर के अंतर्गत नियुक्त किया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि वेतन बिल तैयार करने की प्रक्रिया में देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इससे सीधे तौर पर नव-नियुक्त कर्मचारियों के हित प्रभावित होते हैं।

मुख्य सचिव ने ये भी निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने कर्मचारियों का ब्यौरा एचआरएमएस पोर्टल पर शीघ्र दर्ज करें, क्योंकि ई-बिलिंग प्रणाली वेतन बिल तैयार करने के लिए इन्हीं आंकड़ों पर निर्भर करती है।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से संबंधित मामलों में सरकार ने स्पष्ट किया है कि पी.आर.ए.एन. जारी किए बिना केवल दो माह का वेतन ही जारी किया जा सकता है। इसके बाद वेतन जारी के लिए पी.आर.ए.एन. अनिवार्य है।

सभी विभागों तथा आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही, वेतन भुगतान की पुष्टि मुख्य सचिव कार्यालय को भेजी जाए।

# सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो : मुख्यमंत्री

### भवन के मेन्टेन्स से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भवन आदि की मेन्टेन्स से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखें। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें , सफाई के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में प्रदेश के लगभग एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मेन्टेन्स तथा सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल , लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल , वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन , मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती तथा श्री विवेक कालिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में चल रहे भवन के मरम्मत , बिजली से संबंधित कार्य, अस्पताल के रिसेप्शन एवं वार्ड से लेकर जन सुविधाओं तक की साफ़ -सफाई एवं सौंदर्यकरण तथा परिसर को हरा भरा बनाने संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एकदम से साफ और सुंदर हों , इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में सफाई -कल्चर पर विशेष बल दें। जो अधिकारी या कर्मचारी स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

# नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने किए 46 ऐतिहासिक संकल्प पूरे

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने अल्प अवधि में ही विकास, जनकल्याण और पारदर्शिता की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। "46 संकल्प" के नाम से जारी इन पहलों ने राज्य के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने का ठोस संदेश दिया है।

### युवाओं को अवसर, किसानों को सुरक्षा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया। 24,000 युवाओं को सरकारी नौकरियाँ दी गईं, जबकि करीब 13.50 लाख अभ्यर्थियों ने सीईटी परीक्षा में भाग लेकर भविष्य की संभावनाएँ मजबूत कीं।

किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सरकार ने सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर सुनिश्चित की है। साथ ही फसल खरीद का भुगतान अब 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किया जाता है। ई-खरीद एप्लिकेशन से किसानों को घर बैठे गेट पास बनाने की सुविधा भी दी गई है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार

राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस सेवा शुरू की गई है।

70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

इसके साथ ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के निदान के लिए हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गैर-संचारी रोग क्लिनिक स्थापित किए गए हैं।



निरोगी हरियाणा योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच भी की जा रही है।

### महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा

हरियाणा सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहलें की हैं।

मातृभाषा सत्याही की पेंशन 15,000 से बढ़ाकर 20,000 रुपये की गई है।

सरकारी महिला कर्मचारियों को मनचाहे दिन पर मासिक अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है।

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति तिमाही 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है।

इसके अतिरिक्त, अंत्योदय और बीपीएल परिवारों को मात्र 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे घरेलू जीवन में आर्थिक राहत मिली है।

### शिक्षा और सुरक्षा में सुधार

राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता प्रदान की गई है।

विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के आसपास सीसीटीवी कवरेज का विस्तार कर लड़कियों की सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया है।

आंगनवाड़ी प्रणाली में सुधार के लिए 2804 आंगनवाड़ियों को स्मार्ट आंगनवाड़ी में बदला गया है, जबकि वर्ष 2029 तक 10,000 आंगनवाड़ियों को इसी श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य है।

### खेल, संस्कृति और युवा विकास

राज्य सरकार ने खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

हर ब्लॉक में 390 इंडोर जिम स्थापित किए गए हैं। खिलाड़ियों को 500 रुपये प्रति दिन डाइट मनी दी जा रही है।

खो-खो, कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया है।

राज्य के दिव्यांग खिलाड़ियों को भी अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 50,000 रुपये तक का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति

सरकार ने 'सड़क उत्थान परियोजना' के तहत 4827 करोड़ रुपये की लागत से 9410 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया है।

यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, जयपुर, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए उड़ानें भी शुरू हो चुकी हैं।

### कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुधार

हरियाणा के सभी पुलिस उपमंडलों में साइबर पुलिस सेल स्थापित की गई है।

साथ ही एनडीपीएस मॉनिटरिंग सेल और फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना कर अपराधों पर नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है।

सभी सरकारी विभागों में 25-दिवसीय शिकायत समाधान ढांचा लागू कर नागरिक शिकायतों में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।

### तीर्थाटन और सांस्कृतिक पहल

'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' में वैष्णो देवी और शिर्डी जैसे तीर्थ स्थलों को शामिल किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का गठन किया गया है।

48 कोस कुंडल क्षेत्र में आने वाले 182 प्राचीन तीर्थ स्थलों के विकास कार्य तेजी से जारी हैं, साथ ही तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक बस सेवाएं भी शुरू की गई हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, "हरियाणा सरकार का लक्ष्य विकास, पारदर्शिता और सुशासन को जन-जन तक पहुँचाना है। ये 46 संकल्प जनता के विश्वास और हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं।"